



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



**सुनालिया ज्वेलर्स**
हीरा, स्वर्ण, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**आज का बाजार भाव**

| | |
|---|---|
| 24 कैरेट | : 62000/रू. प्रति 10 ग्राम |
| 22 कैरेट | : 56800/रू. प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | : 720/ रू. प्रति 10 ग्राम |



वर्ष 34 अंक 276 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 07 जुलाई 2023 डाक 08 जुलाई 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
बेंगलुरु में विधान सौध में एक परिषद सत्र के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार





**देश-विदेश**
तड़के को लगी महंगाई की आग, टमाटर के बाद प्याज हुआ लाल





**कोरिया-रायपुर**
पीसीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का पालन सभी सोनोग्राफी सेंटर में सुनिश्चित करें: कलेक्टर










# पीएम ने छत्तीसगढ़ को दी 7500 करोड़ की सौगात, इससे जनता का जीवन आसान होगा

## हमारे लिए बहुत खुशी की बात, प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ आए है : सीएम भूपेश बघेल

**रायपुर, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे पीएम मोदी का स्वागत सीएम भूपेश बघेल ने किया। साथ ही फोटो शेयर करते सीएम बघेल ने कहा कि माता कौशल्या की धरती, प्रभु श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर माननीय @PMOIndia श्री नरेंद्र मोदी जी का स्वागत करता हूँ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी को स्मृति चिन्ह के रूप छत्तीसगढ़ के कारीगरों द्वारा तैयार अंगवस्त्र और मिलेट्स की टोकरी भेंट की। लोकार्पण कार्यक्रम को पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने संबोधित किया और अभी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के दौरे में आये हैं। प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की भूमि में मैं उनका स्वागत करता हूँ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनकी अगवानी की। उन्होंने प्रधानमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका छत्तीसगढ़ में आत्मीय स्वागत किया। यहां सीएम भूपेश बघेल के साथ डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी मंच पर मौजूद हैं।

वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर के साइंस कालेज मैदान स्थित जनता को संबोधित करते हुये कहा कहा, छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण और बहुत बड़ा है। आज छत्तीसगढ़ को 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उपहार मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, गांवों को भी अच्छी 4 प्रतिशत कनेक्टिविटी मिले, इसके लिए भारत सरकार 700 से अधिक मोबाइल टॉवर लगवा रही है। इनमें से करीब 300 टॉवर का काम करना शुरू कर चुके हैं।

आज छत्तीसगढ़ 2-2 इकोनॉमिक कॉरिडोर से जुड़ रहा है। रायपुर-धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर और रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर इस क्षेत्र का भाग्य बदलने वाले हैं। मोदी ने कहा, 9 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ के 20 प्रतिशत से अधिक गांवों में किसी तरह की मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं थी, आज ये घटकर लगभग 6त्न रह गई है। इनमें से अधिकतर जनजातीय और नक्सल हिंसा से प्रभावित गांव हैं। पीएम मोदी ने कहा, गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासियों की बस्तियों को आज ये सड़कें और रेल लाइनें जोड़ रही हैं। इन दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को, माताओं-बहनों को आज अस्पताल पहुंचने में सुविधा हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का एक और बहुत बड़ा लाभ है, जिस पर उतनी चर्चा नहीं होती। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का संबंध सामाजिक न्याय से भी है। जो सदियों तक अन्याय और असुविधा झेलते रहे उन तक भारत सरकार आज ये आधुनिक सुविधाएं पहुंचा रही है। सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, इंफ्रास्ट्रक्चर यानी लोगों के जीवन में आसानी, इंफ्रास्ट्रक्चर यानी व्यापार कारोबार में आसानी, इंफ्रास्ट्रक्चर यानी रोजगार के लाखों नए अवसरों का निर्माण, और इंफ्रास्ट्रक्चर यानी तेज विकास। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में हम सभी का दशकों पुराना अनुभव यही है कि जहां इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर रहा, वहां विकास भी उतनी ही देरी से पहुंचा। इसलिए आज भारत उन क्षेत्रों में अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रहा है, जो विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं।

पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार के इन प्रोजेक्ट्स से यहां रोजगार के अनेकों नए अवसर भी बनेंगे। यहां के धान किसानों, खनिज संपदा से जुड़े उद्यमियों और टूरिज्म को भी इन प्रोजेक्ट्स से बहुत लाभ मिलेगा।सबसे बड़ी बात यह है कि इनसे आदिवासी क्षेत्रों में सुविधा और विकास की नई यात्रा शुरू होगी।पीएम मोदी ने कहा, ये उपहार इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए है, कनेक्टिविटी के लिए है। ये उपहार छत्तीसगढ़ के लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए है, यहां की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर में आयोजित जनसभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। सभास्थल पर भाजपा कार्यकर्ताओं की हजारों की संख्या में भीड़ देखी जा रही है। जनसभा में पीएम मोदी को सुनन युवाओं, बुजुर्गों के साथ छोटे बच्चे भी पहुंचे हैं। इसी बीच पीएम मोदी का एक नन्हा फैन आदित्य पांडेय भी सभास्थल पहुंचा है, जो पीएम मोदी के गेटअप में है।

# खराब मौसम के कारण रोकी अमरनाथ यात्रा, उत्तराखंड में बादल फटा



**पिथौरागढ़, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

देश के कई राज्यों में मानसून के दस्तक देने के बाद से ही भारी बारिश का दौर जारी है। इस कारण मौसम विभाग रोज देश के अलग इलाकों के लिए रेड अलर्ट या ऑरेंज अलर्ट जारी कर रहा है। इस बीच बीती रात उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले की धारचूला तहसील के दारमा घाटी में बादल फट गया है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक इस हादसे में किसी भी तरह की जनहानि की खबर नहीं है। हालांकि बादल फटने के कारण आसपास के गांव में सैकड़ों लोग फंस गए हैं। वहीं पुजारियों ने पवित्र अमरनाथ गुफा में नियमित अनुष्ठान किए, जबकि शुक्रवार को खराब मौसम के कारण पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से अमरनाथ यात्रा स्थगित कर तीर्थयात्रियों को पवित्र गुफा की ओर जाने से रोक दिया गया था। सुबह की आरती के तहत पुजारियों ने जम्मू-कश्मीर स्थित गुफा में जमी बर्फ के बीच खड़े होकर भजन-कीर्तन किया. श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड द्वारा मंदिर में किए गए अनुष्ठानों का एक वीडियो जारी किया गया।

रास्ते में फंसे तीर्थयात्रियों को अनुष्ठान देखने में सक्षम बनाने के लिए बोर्ड ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया। बालटाल और पहलगाम के दो मार्गों पर अमरनाथ यात्रा रोक दी गई है और यात्रियों को राहत शिविर में रोका गया है। जम्मू में बिगड़े मौसम के चलते शुक्रवार को श्री अमरनाथ यात्रा को अगले आदेश तक के लिए रोक दिया गया है। खराब मौसम के चलते यात्रियों को अभी रामबन के चंद्रकोट में रोका गया है। मिली जानकारी के मुताबिक यात्रा शुरू होने से अब तक कुल 84768 श्रद्धालु अमरनाथ दर्शन कर चुके हैं।

# राहुल गांधी को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ा झटका

## मानहानि मामले में सजा पर रोक से इनकार



**अहमदाबाद , 07 जुलाई ।**

मोदी सरनेम वाले बयान पर मानहानि मामले में राहुल गांधी को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने मानहानि मामले में सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से सजा पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका को भी खारिज कर दिया। दरअसल, राहुल गांधी ने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक में एक रैली के दौरान मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था. इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। चार साल बाद 23 मार्च को सूरत की निचली अदालत ने राहुल को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी। राहुल ने 2 अप्रैल को निचली अदालत के फैसले के खिलाफ सूरत सेशन कोर्ट का रुख किया था। राहुल द्वारा दो याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली अर्जी में सजा पर रोक की मांग की गई थी, जबकि दूसरी में अपील के निस्तारण तक कन्विक्शन पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

### *मुंबई में भारी बारिश में स्कूल बसें नहीं चल सकेंगी*

*__मुंबई।__ शहर के छात्रों के माता-पिता को बरसात के दिनों में वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था करने की आवश्यकता हो सकती है क्योंकि कुछ स्कूल बस ऑपरेटर ऐसे दिनों में छात्रों को परिवहन करने से मना कर सकते हैं। उनका दावा है कि नई बसों में सेंसर लगे हैं और इन सड़कों पर पानी जमा होने से न केवल बच्चों को ले जाना जोखिम भरा हो जाता है, बल्कि बार-बार वाहन खराब होने के कारण मालिकों के लिए भी यह मुश्किल हो जाता है।*

# बिलासपुर बस हादसे में 3 लोगों की मौत, सीएम भूपेश बघेल ने किया मुआवजे का ऐलान, रमन सिंह ने भी जताया शोक

**रायपुर, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए राजधानी रायपुर जा रहे कार्यकर्ताओं से भरी एक बस शुक्रवार तड़के बिलासपुर में हादसे का शिकार हो गई जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे हुई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अम्बिकापुर से भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर रायपुर जा रही बस बिलासपुर के बेलतरा थाना क्षेत्र में सड़क पर खड़े एक हाइवा से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हुए है, जिनमें से



तीन की हालत गंभीर है। बस में सवार अधिकांश लोग नींद में थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आ रहे हैं।

इस मौके पर वे जहां राज्य को विकास की सौगात देने वाले है, वहीं एक जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है, जिसमें हिस्सा लेने पूरे प्रदेश के कार्यकर्ता रायपुर पहुंच रहे है। मुख्यमंत्री बघेल ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को अंबिकापुर से रायपुर ले जा रही बस के बिलासपुर के समीप दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। दो लोगों की दुःखद मृत्यु का समाचार मिला है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं उनके परिवारजनों को हिम्मत दे। हम घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। सीएम भूपेश बघेल ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए देने की घोषणा की है। साथ ही सीएम बघेल ने घायलों को जल्द स्वास्थ्य होने की कामना करते हुए प्रशासन को घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं।

वहीं, मौत की खबर सामने आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भी इस हादसे में पर शोक व्यक्त किया। डॉ रमन सिंह ने ट्वीट कर कहा मुझे अभी यह दुःखद सूचना प्राप्त हुई कि हमारे कार्यकर्ताओं की बस रायपुर सभा में शामिल होने अंबिकापुर से आ रही थी, बेलतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुई है। इस दुर्घटना में 3 लोगों की मृत्यु का दुखद समाचार हृदयविदारक है, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शांति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

# मणिपुर मसले पर अमेरिकी मदद की गार्सेटी की पेशकश पर भड़के मनीष तिवारी, कहा- ऐसा बयान कभी नहीं सुना

**नईदिल्ली, 07 जुलाई [एजेंसी]।**



मेटा का नया टेक्स्ट-आधारित एप Threads App लॉन्च होने के साथ ही कानूनी विवादों में घिर गया है। इसके प्रतिद्वंद्वी ट्विटर ने मुकदमे की धमकी दी है। इसने थ्रेड्स पर उसे कॉपी करने का आरोप लगाया है। लॉन्च होने के बाद से ही यह एप लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अभी तक करीब 3 करोड़ लोग इसे डाउनलोड कर चुके हैं। थ्रेड्स एप ऐसे समय में आया है, जब ट्विटर द्वारा एप पर नए नियमों का एलान कर दिया गया।

दरअसल, ट्विटर ने बिना ब्लू टिक वाले यूजर्स की पोस्ट संख्या निर्धारित की थी और अब कंपनी ने बिना ब्लू टिक वाले यूजर्स के ट्वीटडेक के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। मस्क के इन फैसलों का काफी विरोध भी किया जा रहा है और यूजर्स ट्विटर का अल्टरनेटिव भी तलाश रहे हैं। ऐसे में मेटा के नए एप को लॉन्च करना फायदे का सौदा हो सकता है।

# विपरीत दिशा से आ रही महिन्द्रा थार से टकराई बलेनो कार, दो की मौत और 3 घायल

**मेरठ, 07 जुलाई [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार बलेनो कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर को पार करते हुए विपरीत दिशा से आ रही महिन्द्रा थार से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान रोहित तोमर (27) और हर्ष (20) के रूप में हुई है। मनोज, अदनान और रोहतास गर्ग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, हादसा गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 11.30 बजे कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में हुआ।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में सवार कुल पांच लोगों में से रोहित और हर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी (दौराला) अभिषेक पेटल ने बताया कि तीन युवक रोहित, हर्ष और मनोज गुरुवार रात बलेनो कार में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे होते हुए दिल्ली से मेरठ आ रहे थे। विपरीत दिशा में अदनान और रोहतास गर्ग अपनी महिन्द्रा थार से हरिद्वार से दिल्ली जा रहे थे। सीओ ने बताया कि हादसे वक्त बलेनो कार की रफ्तार तेज होने कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर को पार करते हुए विपरीत दिशा से आ रही महिन्द्रा थार से टकरा गई।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# मंत्रालय में कामकाज आज से ठप, कर्मचारी करेंगे हड़ताल

**रायपुर, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

पीएम नरेंद्र मोदी के आने की वजह से रायपुर कलेक्टोरेट छोड़कर आज पूरे छत्तीसगढ़ में स्कूल,कार्यालयों में ताले लटके रहेंगे। मंत्रालय से लेकर संचालनालय तक सूने पड़े रहेंगे। कर्मचारी संगठन अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर आज हड़ताल पर रहेंगे। पहली बार छत्तीसगढ़ में एक साथ 145 संगठनों ने मिलकर हड़ताल की घोषणा की है। संयुक्त फोरम के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि नया रायपुर तूता में राजधानी के अधिकारी / कर्मचारी धरना प्रदर्शन करेंगे। दरअसल छत्तीसगढ़ के कर्मचारी लंबे समय से केंद्र के बराबर महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को राज्य सरकार ने महंगाई भत्ता 5 प्रतिशत बढ़ाया है, बावजूद छत्तीसगढ़ के कर्मचारी केंद्र सरकार की तुलना में अभी भी 4 प्रतिशत पीछे हैं।

अब कर्मचारियों का आरोप है कि राज्य सरकार ना तो एरियर्स की राशि दे रही है और ना ही केंद्र के बराबर महंगाई भत्ता दे रही है। हालांकि छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों के डीए में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी, तो यही उम्मीद थी कि कर्मचारी संगठन अपना हड़ताल स्थगित कर देंगे, लेकिन कर्मचारी संगठन नहीं माने। राज्य सरकार को प्रति वर्ष एक हजार करोड़ रूपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। इधर विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश भर में संविदा और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा कर दिया है। जिसने मुश्किलें बढ़ा दी है।

## लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ भोपाल में केस दर्ज, सीधी पेशाब कांड में ट्वीट को लेकर हुई कार्रवाई



*__नई दिल्ली।__ मध्य प्रदेश के सीधी जिले में हुए पेशाब कांड पर विवाद थम नहीं रहा है। राजधानी भोपाल के एक थाने में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। नेहा सिंह राठौर ने पेशाब कांड को लेकर एक ट्वीट किया था। इस ट्वीट को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है। भोपाल के हबीबगंज थाना पुलिस ने नेहा सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।नेहा सिंह राठौर ने ट्वीट कर बताया कि उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि पेशाब कांड की आलोचना करने पर मेरे खिलाफ केस दर्ज हुआ है। सीधी पेशाब कांड को लेकर नेहा सिंह ने एक ट्वीट किया था। नेहा सिंह के ट्वीट पर विवाद होने के बाद उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। ट्वीट में आरएसएस की ड्रेस पहने एक शख्स को सामने बैठे दूसरे शख्स पर पेशाब करता दिखाया गया है।*

## उप महानिरीक्षक ने खुद को मारी गोली, राज्य में पुलिस अधिकारी की आत्महत्या का दूसरा मामला

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में उप महानिरीक्षक रैंक के एक वरिष्ठ अफसर ने आत्महत्या कर ली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उप महानिरीक्षक सी विजयकुमार ने अपने आवास पर आधिकारिक पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

साल 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी ने इसी साल जनवरी में उप निरीक्षक का पद संभाला था। इससे पहले वह चेन्नई के अन्नानगर में पुलिस उपायुक्त के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने इससे पहले कांचीपुरम, कुड्डालोर, नागपट्टिनम और तिरुवरूर जिले में पुलिस अधीक्षक के तौर पर काम कर चुके हैं। तमिलनाडु में यह दूसरा ऐसा मामला है जहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आत्महत्या की है। उनसे पहले साल 2015 में तिरुचेंगोडे के पुलिस उपाधीक्षक विष्णुप्रिया ने आत्महत्या की थी।

# कैसे करना है बूथ में काम,कार्यकर्ताओं को कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण



कोरबा। को युवा कांग्रेस कोरबा द्वारा यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो का प्रशिक्षण एवं समीक्षा किया साथ ही बैंगलोर में होने वाले बेहतर भारत की बुनियाद कार्यक्रम जोकि 10, 11, 12 जुलाई को होना था अब तिथि को बढ़ाकर 26, 27, 28 जुलाई किया जिसका पोस्टर विमोचन कर कार्यक्रम में सहयोग की जानकारी दिया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोरबा लोकसभा युवा कांग्रेस के प्रभारी श्री चंदन कुमार यादव जी एवं कोरबा जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री श्री विकास सिंह जी, श्री विजय यादव जी रहे साथ ही पवन विश्वकर्मा, बृजभूषण प्रसाद, राजेश यादव, जिला महासचिव विवेक श्रीवास, जिला महासचिव अंकित श्रीवास्तव, जिला महासचिव प्रहलाद साहू, विकी करसेल, सरफुद्दीन आलम, विकास यादव, आईटी सेल अध्यक्ष अमित सिंह, संजना मसिह, कोरबा विधानसभा के वार्ड क्रमांक 01 से 59 के प्रमुख युवा कांग्रेस के साथी, जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे और उनको जिम्मेदारी दी गई की 15 दिनों के भीतर बूथ कमेटी का गठन कर आगामी विधानसभा चुनाव व छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों को जानकारी व राजस्व मंत्री कोरबा के लोकप्रिय विधायक आदरणीय जयसिंह अग्रवाल जी के द्वारा किए गए विकास कार्यों को वार्ड और बूथ स्तर पर पहुंचाने का संकल्प लिया।

# राशन कार्ड एवं आधार कार्ड, आधार से लिंक वाली मोबाईल नम्बर के साथ उपस्थित होने का किया गया आग्रह

## आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों से कार्ड बनवाने कलेक्टर ने की अपील

कोरबा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान 07 जुलाई 2023 को जिले के सभी नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। महाभियान में जिले के सभी शहरी क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम व ग्राम पंचायतों में, जिले के सभी स्कूलों सहित सभी च्वाईस सेंटरों में प्रातः 08 बजे से सायं 06 बजे तक आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। अभियान की सफलता के लिए 03 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है। आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्डधारी सभी परिवार पात्र होगें। महाअभियान में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी करने के उद्देश्य से हितग्राहियों को शिविर स्थल में राशन कार्ड एवं आधार कार्ड, आधार से लिंक वाली मोबाईल नम्बर के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार महाअभियान शिविर में शिविर स्थल पर हितग्राहियों को लाने के लिये क्षेत्र के मितानिन को जिम्मेदारी दी गई हैं। ऐसे हितग्राही जिनका अब तक आयुष्मान कार्ड नही बन पाया है, वे महाभियान के दिन अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन करवा सकते हैं। इस हेतु हितग्राही नजदीक के रोजगार सहायक, सचिव, स्कूल के शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन/स्वास्थ्य कार्यकर्ता अथवा च्वाईस सेंटर एवं जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रो तथा पंजीकृत निजी चिकित्सालय में आवश्यक दस्तावेज राशनकार्ड एवं अपडेटेड आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवा सकते हैं, जिसका निःशुल्क पीव्हीसी कार्ड राज्य स्तर से हितग्राही को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 104 जारी किया गया है, जिसके माध्यम से आमजन आयुष्मान कार्ड पंजीयन संबंधी किसी प्रकार की शिकायत अथवा असुविधा के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कर सकतें है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना से संबंधित अधिक जानकारी अथवा शिकायत के लिये हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 104 अथवा 14555 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अथवा शासकीय एवं निजी पंजीकृत अस्पताल में उपस्थित होकर आयुष्मान मित्र से संपर्क किया जा सकता है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जिले में 46 शासकीय चिकित्सालय एवं 17 निजी चिकित्सालय पंजीकृत है।

## पीपीटी की प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उड़नदस्ता नियुक्त

**कोरबा ।** छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पीपीटी की प्रवेश परीक्षा 09 जुलाई 2023 रविवार को पूर्वान्ह 09 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की गई है। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी श्री पी.एल.मिरेंद्र, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोनबिर्रा श्री संजीव खाखा एवं व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली श्रीमती तुलीका देवांगन को 04 परीक्षा केंद्र 2201 से 2204 के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है।उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक या परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा दिवस को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है। जिसके अंतर्गत सहायक ग्रेड 02 श्री शेख रिजवान जिला कार्यालय कोरबा तथा भृत्य श्री सत्येंद्र जिला कार्यालय कोरबा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# चेकपोस्ट बालको में बनेगा सामुदायिक भवन

**कोरबा।** निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 34 चेकपोस्ट बालको में 8 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। बुधवार को इसका राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद, विशिष्ट अतिथि निगम के सभापति श्यामसुन्दर सोनी, एमआईसी सदस्य, पार्षद व एल्डरमेन रहे।राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि इस सामुदायिक भवन की घोषणा पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में की गई थी, लेकिन किसी कारण वश इस भवन के बनने में देरी हुआ, जिसका कार्य पूर्ण कराकर अब लोकार्पण कराया गया। इस मौके पर एमआईसी सदस्य सपना चौहान, कृपाराम साहू, पार्षद पुष्पा, देवीदयाल सोनी, गीता बद्रीकिरण, दुष्यंत शर्मा, मनोज सोनी, डॉ. केके पोद्दार, पुरुषोत्तम सोनी, राजू सोनी, अमित कुमार सोनी, शिवकुमार सोनी समेत अन्य मौजूद रहे।




## सहकारी समितियों में खाद के पर्याप्त भंडारण की मांग

कोरबा। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक मो. न्याज नूर आरबी ने कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपे ज्ञापन में बताया है कि जिले के 41 सहकारी समितियों में से 21 में यूरिया समेत अन्य खाद की कमी है। इसकी वजह से किसानों को भटकना पड़ रहा है।
समय पर खाद नहीं मिलने पर पंजीकृत किसानों की खेती पिछड़ने की चिंता बढ़ गई है। समय रहते समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण नहीं होना भी बड़ी लापरवाही है।

## हॉस्पिटैलिटी गेस्टशिप एवं होटल मैनेजमेंट' प्रशिक्षण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई

**कोरबा ।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक/युवतियों के लिए ''हॉस्पिटैलिटी (गेस्ट शिप) एवं होटल मैनेजमेंट में प्रशिक्षण'' योजनांतर्गत प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिये हॉस्पिटैलिटी (गेस्ट शिप) एवं होटल मैनेजमेंट में कैरियर बनाने की आकांक्षा रखने वाले प्रदेश के युवक-युवतियों से 20 जुलाई 2023 शाम 05:00 बजे तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें विभागी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा या सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण अंतर्गत कुल 100 अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णकालिक होगा एवं प्रशिक्षण अवधि में अन्यत्र किसी नियमित पाठ्यक्रम व नौकरी/व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रशिक्षण आवासीय है, प्रशिक्षण का पूर्ण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। प्रशिक्षण में छात्रावास एवं मेस की सुविधा भी निःशुल्क होगी। प्रशिक्षण उपरांत संस्था द्वारा जॉब प्लेसमेंट की प्रक्रिया के माध्यम से जॉब भी उपलब्ध करायी जाएगी।

# पौधे लगाकर उसकी रक्षा करने का लिया संकल्प



कोरबा। केएन कॉलेज की रासेयो इकाई ने लगाया शिविरहरियाली छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत करते हुए केएन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोद ग्राम भादा में पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही उसकी सुरक्षा का प्रबंध करते हुए सबने पौध संरक्षण की शपथ ली।करतला ब्लॉक के ग्राम पंचायत तरदा के आश्रित गांव भादा, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर तथा कमला नेहरू महाविद्यालय की रासेयो इकाई का चयनित गोद ग्राम है। केएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में दिवा शिविर का आयोजन कर हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण तथा पौध संरक्षण का महत्व समझाया गया। लोगों को समझाया गया कि स्वस्थ व सुखी जीवन का मार्ग योग है। इसके साथ ही ग्रामवासी स्वयंसवकों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास जिला संगठक वायके तिवारी के द्वारा करवाया गया।कार्यक्रम में बच्चों को मिशन लाइफ के बिंदुओं की जानकारी देते हुए ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक का उपयोग न करने के छोटे-छोटे उपायों, सुधारों व व्यवहार परिवर्तन की जानकारी दी गई।
वर्षा के बूंद-बूंद जल का संचय हो इस दिशा में वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाने तथा स्वच्छता के उपाय अपनाकर मौसमी बीमारियों से बचने के संबंध में ग्रामवासी बच्चों को समझाईश दी गई। दिवा शिविर में कार्यक्रम अधिकारी द्वय जीएम उपाध्याय, प्रीति द्विवेदी के अलावा वरिष्ठ स्वयंसेवक अभय सिंह जगत, आशीष यादव, किशन यादव, वर्चला तिवारी, सोनल यादव, ललिता यादव, तानिया यादव, उदय महंत, धीरज यादव, प्रियांशु यादव आदि मौजूद रहे।

# बड़ी आसानी से दीपका में लोगों को मिले प्रमाणपत्र

गेवरा-दीपका। नगर पालिका दीपका में मितान घर की शुरुआत हुई है। पहले दिन 3 आवेदकों ने घर बैठे जरूरी प्रमाण पत्र बनवाएं। मितान योजना के शुभारंभ पर कार्यालय पहुंचे लाभान्वित हितग्राहियों को कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने सर्टिफिकेट दिए। नगर निगम क्षेत्र में राज्य शासन ने मुख्यमंत्री मितान योजना शुरू की। अब नगर पालिका क्षेत्र के लोगों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।इसी योजना के तहत कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने नगर पालिका दीपका में मितान घर का शुभारंभ किया है। टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले लोग भी घर बैठे जरूरी प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे। कॉल करने पर अफसरों की टीम घर पहुंचेगी और आवेदक से जरूरी दस्तावेज लेने के बाद प्रमाण पत्र जारी करने के बाद घर पहुंचाकर देगी। कटघोरा विधायक कंवर ने बताया कि राज्य शासन ने मितान योजना का विस्तार करते हुए छत्तीसगढ़ के 44 नगर पालिकाओं में लागू करने की घोषणा की है। इसी के तहत नगर पालिका दीपका में मितान घर की शुरूआत हुई है। शुभारंभ मौके पर नगर पालिका की अध्यक्ष संतोषी दीवान, सीएमओ भोला सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता उत्तम दुबे, राजीव मितान क्लब के अध्यक्ष विशाल शुक्ला, पार्षद अरूणीश तिवारी, राकेश सिंह, गया प्रसाद चंद्रा, रामू कंवर, हर्षित देवी, नील कुसुम, कुसुमलता कैवर्त, अंजना जयसवाल, एल्डरमैन हरि यादव, कुलदीप तिवारी, केदारनाथ सिंह मौजूद रहे। योजना से लाभान्वित हितग्राही को प्रमाण पत्र देते कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर।बनवाए जा सकते हैं ये जरूरी प्रमाण पत्र मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, नेत्र प्रमाण पत्र, भूमि रिकॉर्ड के नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, दुकान और स्थापना पंजीकरण, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आधार कार्ड पंजीकरण, आधार कार्ड के मोबाइल नंबर में सुधार, नया




पेन कार्ड, पेन कार्ड में सुधार, नया राशन कार्ड, राशन कार्ड में सुधार, श्रम कार्ड पंजीयन।

# नवप्रवेशी छात्रों का फूल माला पहनाकर किया स्वागत

कोरबा। कटघोरा ब्लॉक के गवर्नमेंट आजाक प्राइमरी स्कूल नवागांव कला में सरपंच अमिता सिंह कंवर की अध्यक्षता में स्कूल प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। नवप्रवेशी छात्रों का फूल माला पहनाकर मुंह मीठा कराया। इसके बाद तिलक लगाकर छात्रों का स्कूल प्रवेश कराया। विशिष्ट अतिथि हेडमास्टर एस जकरिया, पूर्व सरपंच लखन सिंह कंवर, सीएसी आनंदराम कंवर रहे। छात्रों को स्कूल ड्रेस व पुस्तक का वितरण किया। स्कूल पहुंचे नवप्रवेशी छात्रों में भी उत्साह देखा गया। इस मौके पर कई छात्रों के अभिभावक भी मौजूद रहे।






छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने के लिए कोरबा जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता नेता प्रतिपक्ष हितानन्द अग्रवाल के नेतृत्व में रवाना हुए।

## प्राइमरी व मिडिल स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

गेवरा-दीपका। झाबर के गवर्नमेंट प्राइमरी व मिडिल स्कूल का संयुक्त रूप से स्कूल प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुई। सरपंच वैजंत्री कंवर, उप सरपंच संतोषी चौहान, कृपाल सिंह, संकुल समन्वयक साहेबलाल कश्यप, हेडमास्टर गीतांजली टेकाम व प्रयाग सिंह कंवर ने नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया।इस तरह छात्रों को स्कूल प्रवेश कराया और पुस्तक व स्कूल ड्रेस का वितरण किया। छात्रों को स्कूल में दिए गए होमवर्क को पूरी करने और रोजाना स्कूल आने प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक गीता यादव, रेणु राठौर, सुलक्षणा चौहान, अजय सिंह, रीना सिंह मौजूद रहे।

# बतारी मोड़ पर गड्ढे में फंस रहे वाहन, जाम से चालक परेशान





गेवरा-दीपका। दीपका से पाली व बिलासपुर जाने मार्ग का करते हैं इस्तेमालबारिश होने के बाद अब बतारी मोड़ पर सड़क पर बने गड्ढे में भारी वाहन फंस रहे हैं। सड़क दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। आए दिन लग रहे जाम से भी चालकों की परेशानी बढ़ गई है। गड्ढे में पानी भरे होने पर चालकों के अंदाजा नहीं लगा पाने से वाहन से नियंत्रण खो बैठते हैं। दीपका से पाली, बिलासपुर जाने इस मार्ग का इस्तेमाल किया जाता है।
सड़क पर भारी वाहनों का भी दबाव रहता है। बावजूद उसके मटेरियल भरकर गड्?ढे को समतल करने एसईसीएल दीपका प्रबंधन ध्यान नहीं दे रही है। दीपका से पाली जाने बतारी मोड़ सिरकी से होकर चालकों की आवाजाही होती है। कोल परिवहन में लगे भारी वाहन भी इसी मार्ग से गंतव्य स्थल तक पहुंचते हैं। बतारी मोड़ पर भारी वाहनों के दबाव से मटेरियल उखड़ने के बाद सड़क पर बड़े गड्?ढे बन गए हैं। बारिश में पानी भरने पर गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाने पर मार्ग से गुजर रहे चालक कई बार नियंत्रण खो बैठते हैं। इसकी वजह से सड़क हादसे की आशंका बढ़ गई है। गड्ढों में पानी भरे होने से कीचड़ के बीच आवाजाही की मजबूरी बनी हुई है। कीचड़ सूखने पर उड़ते धूल से चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है।रात में दुर्घटना होने का खतरा अधिक- तनवीर ग्रामीण कांग्रेस के महामंत्री तनवीर अहमद ने बताया कि बतारी मोड़ पर गड्ढे को पाटने एसईसीएल दीपका प्रबंधन ध्यान नहीं दे रही है। इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव रहता है ऐसे में गड्ढे में फंसकर रात में दुर्घटना का खतरा अधिक रहता है। गड्ढों में मटेरियल भरकर समतल करने के बाद ही मार्ग से आवाजाही करने वालों को जाम से निजात मिलेगा।

# कर्मियों की हड़ताल से ओपीडी से जुड़ी सुविधाएं थमी

कोरबा। मात्र अस्पताल में भर्ती मरीजों की हो रही जांच24 सूत्रीय मांग पर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में अधिकांश नियमित स्वास्थ्य कर्मचारियों के चले जाने से अस्पतालों में व्यवस्था चरमरा गई है। स्वास्थ्य विभाग ने जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दूसरे केंद्रों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर चिकित्सा व्यवस्था को संभाला जा रहा है, वहीं मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा संबद्ध जिला अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था करके मरीजों को चिकित्सा सुविधा मुहैय्या कराने का प्रयास हो रहा है।बावजूद कुछ सेवाओं पर असर पड़ रहा है, जिसमें मुख्य रूप से पैथोलॉजी लैब के सभी कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से वहां दूसरे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई ह, जो मात्र आईपीडी अर्थात अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों की ही जांच कर रहे हैं। डॉक्टरों की मौजूदगी से ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों के उपचार हो रहे हैं। वहीं दवाई वितरण कक्ष में भी वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने से दवा भी उपलब्ध हो रहे हैं। लेकिन पैथोलॉजी लैब में जांच बंद है। ऐसे में ओपीडी के मरीज पैथोलॉजी जांच के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्हें या तो बैरंग घर लौटना पड़ रहा है या फिर निजी सेंटरों में जाना पड़ रहा है। पैथोलॉजी लैब में प्रतिदिन ओपीडी से औसतन 4 सौ मरीज जांच के लिए पहुंचते हैं। इसी तरह जन्म-मृत्यु शाखा के बंद होने से प्रमाण पत्र भी जारी नहीं हो रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एमएस चौहान के मुताबिक गुरुवार को हुए प्रदेश सरकार की केबिनेट बैठक से कर्मचारियों को उम्मीद था कि कोई न कोई मांग जरूरी पूरी होगी। पर 5 प्रतिशत डीए बढ़ाने का निर्णय लिया गया जो पूर्व का था।




# ₹ 7600 करोड़ की लागत से 10 परियोजनाओं का
## लोकार्पण, शिलान्यास एवं शुभारम्भ

## लोकार्पण

### 4-लेन रायपुर-कोड़ेबोड़ खण्ड
(लंबाई - 33 किमी | लागत - ₹ 988 करोड़ | NH - 30)

- राजधानी रायपुर से धमतरी, कांकेर, कोण्डागांव, बस्तर और जगदलपुर की कनेक्टिविटी आसान
- जगदलपुर स्थित नगरनार स्टील प्लांट के उत्पादो की वितरण में सुगमता, लॉजिस्टिक लागत में कमी
- उद्योग, पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ोतरी, रोज़गार के नए अवसरों का सृजन

### 4-लेन बिलासपुर-पथरापाली खण्ड
(लंबाई - 53 किमी | लागत - ₹ 1261 करोड़ | NH - 130)

- बिलासपुर से पथरापाली के मध्य यात्रा अब आधे से भी कम समय में
- बिलासपुर बाईपास के निर्माण होने से बिलासपुर शहर में लगने वाले जाम से निजात, समय और ईंधन की बचत

### कोरबा स्थित इंडियनऑयल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट
(बॉटलिंग क्षमता - दैनिक 17,000 सिलेंडर लागत - ₹ 136 करोड़)

- छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 30 लाख ग्राहकों तक एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई आसान
- लॉजिस्टिक लागत में प्रतिवर्ष ₹ 66 करोड़ की बचत

### रायपुर - टिटलागढ़ के अंतर्गत रायपुर खरियार रोड रेल लाइन का दोहरीकरण
(लंबाई - 103 किमी | लागत - ₹ 750 करोड़)

- संबलपुर और विजयनगरम को जोड़ने वाले रायपुर-टिटलागढ़ खंड रेलमार्ग की क्षमता में वृद्धि
- उद्योगों के लिए बंदरगाहों से कोयला, इस्पात, उर्वरक और अन्य वस्तुओं का परिवहन आसान, हावड़ा-मुंबई स्वर्णिम चतुर्भुज से सीधी कनेक्टिविटी

### दल्लीराजहरा-रावघाट नई लाइन परियोजना के अंतर्गत केवटी-अंतागढ़ नई रेल लाइन
(लंबाई - 17 किमी | लागत - ₹ 290 करोड़)

- दक्षिणी छत्तीसगढ के सुदूर इलाकों तक रेल कनेक्टिविटी आसान
- भिलाई इस्पात संयंत्र का दल्लीराजहरा और रावघाट क्षेत्रों की लौह अयस्क खदानों से कनेक्टिविटी सुगम

## शिलान्यास

### रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर अंतर्गत 6-लेन झांकी-सरगी खण्ड
(लंबाई - 43 किमी | लागत - ₹ 1368 करोड NH - 130 सीडी)

### रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर अंतर्गत 6-लेन सरगी-बासनवाही खण्ड
(लंबाई - 57 किमी | लागत - ₹ 1471 करोड़ NH - 130 सीडी)

### रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर अंतर्गत 6-लेन बासनवाही-मारंगपुरी खण्ड
(लंबाई - 25 किमी | लागत - ₹ 1307 करोड़ NH - 130 सीडी)

- रायपुर से विशाखापट्टनम की यात्रा 7 घन्टे में होगी पूरी, दूरी में 130 किमी की कमी
- यह कॉरिडोर 17 'प्रधानमंत्री गति शक्ति इकोनॉमिक नोड्स' को जोड़ेगा
- मध्य भारत के खनिज सम्पन्न क्षेत्रों की प्रमुख बंदरगाह विशाखपट्टनम के साथ हाईस्पीड कनेक्टिविटी
- उद्योग, पर्यटन में वृद्धि एवं रोज़गार के नए अवसरों का सृजन

## शुभारम्भ

### आयुष्मान भारत परियोजना के तहत कार्ड वितरण

- 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना' के तहत छत्तीसगढ़ में 75 लाख PVC आयुष्मान कार्ड वितरण
- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लगभग 60 करोड़ लोगों का सालाना निःशुल्क इलाज

### अंतागढ़ से रायपुर नई ट्रेन को हरी झंडी

- इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी रायपुर के लिए किफायती सुगम एवं सीधी कनेक्टिविटी
- कम समय में यात्रा पूरी होने से रोज़गार एवं व्यवसाय के नए अवसरों में वृद्धि
- छात्र-छात्राओं एवं किसानों, व्यवसायियों व अन्य यात्रियों को समय में बचत से लाभ

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर–कमलों द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

**विश्वभूषण हरिचंदन** — राज्यपाल छत्तीसगढ़

**भूपेश बघेल** — मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

**नितिन गडकरी** — सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार

**डॉ. मनसुख मांडविया** — स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं रसायन और उर्वरक मंत्री, भारत सरकार

**हरदीप सिंह पुरी** — पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, भारत सरकार

**जनरल डॉ. वी.के.सिंह (सेवानिवृत्त)** — सड़क परिवहन और राजमार्ग नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री, भारत सरकार

**रेणुका सिंह** — जनजाति विकास राज्य मंत्री भारत सरकार

**डॉ. रमन सिंह** — पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

**टी. एस. सिंहदेव** — उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

**ताम्रध्वज साहू** — मंत्री लोक निर्माण विभाग, गृह, जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन, छत्तीसगढ़

**अरूण साव** — सांसद, बिलासपुर

**सुनील कुमार सोनी** — सांसद, रायपुर

**चुन्नीलाल साहू** — सांसद, महासमुंद

**मोहन मंडावी** — सांसद, कांकेर

**ज्योत्सना चरणदास महंत** — सांसद, कोरबा

**नारायण चंदेल** — नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा

**शुक्रवार 07 जुलाई 2023, प्रातः 10 बजे | साईंस कॉलेज मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़**

DD NEWS डी डी न्यूज पर सीधा प्रसारण

CBC 37107/15/0014/2324

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



## अनमोल वचन

**आपको ज़िन्दगी में सब कुछ मिलता है लेकिन समय आने पर, एक साथ नहीं।**

# बर्बरता की ओर सफर

यह भारतीय समाज के लिए आत्म-मंथन का विषय है कि आखिर आज ऐसा माहौल कैसे बन गया है, जिसमें प्रभुत्वशाली लोग इतना बेखौफ हो गए हैं कि उन्हें किसी भी प्रकार की मनमानी करने में कोई हिचक नहीं होती। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को इस बात का श्रेय दिया जाएगा कि उन्होंने मानवता को शर्मसार करने वाली घटना पर दलगत भावना से ऊपर उठ कर तुरंत 'कठोरतम' कार्रवाई का आदेश दिया। नतीजतन मंगलवार रात असभ्यता और क्रूरता की मिसाल बने उस भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने सरेआम एक आदिवासी नौजवान पर पेशाब किया था। उस पर कानूनी सख्त धाराएं लगाई गई हैं, इसलिए यह उम्मीद रखनी चाहिए कि यह सिर्फ फौरी और दिखावटी कार्रवाई नहीं है। बहरहाल, यह वर्तमान भारतीय समाज- और खासकर सत्ताधारी दल और उसके सहमना संगठनों के लिए आत्म-मंथन का विषय है कि आखिर आज समाज में ऐसा माहौल कैसे बन गया है, जिसमें प्रभुत्वशाली लोग इतना बेखौफ हो गए हैं कि उन्हें किसी भी प्रकार की मनमानी करने में कोई हिचक नहीं होती। तमाम पुरातन समाजों की तरह भारतीय पारंपरिक समाज में भी वर्चस्व और मजबूत लोगों के लिए निर्भय होकर किसी प्रकार का व्यवहार करने का सिस्टम रहा है। सभ्यता के विकास के साथ इस तरह के बर्बर व्यवहारों पर लगाम लगाने के प्रयास किए गए। कानून का राज करने और संविधान को सर्वोपरि बनाने की कोशिशें इसी मकसद का हिस्सा रही हैं। लेकिन गुजरे कुछ वर्षों में खुद सत्ता में बैठे लोगों ने कानून के राज का अनादर करने जैसी नीतियां अपना रखी हैं। इससे यह संदेश गया है कि अगर आप सत्ता पक्ष के साथ हैं और आपका संबंध प्रभुत्वशाली वर्ग से है, तो आप निर्भय होकर कोई भी व्यवहार कर सकते हैं। ताजा घटना के सिलसिले में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपराधी का कोई धर्म, जाति या पार्टी नहीं होती। उनसे अपेक्षित है कि यही बात वे किसी मुस्लिम अपराधी के संदर्भ में भी कहें। किसी एक व्यक्ति के अपराध के पूरे समुदाय को लांछित करने की चल रही प्रवृत्ति का विरोध उनके जैसे ऊंचे पदों पर बैठे लोग हर स्थिति में करें, तो भारतीय समाज में आ रही वैसी गिरावटों पर रोक लग सकती है, जिसकी एक मिसाल फिलहाल मध्य प्रदेश में देखने को मिली है। वरना, सभ्यता से बर्बरता की तरफ हो रही यात्रा को रोकना कठिन बना रहेगा।

## राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन मुताबिक पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर वरिष्ठ आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। छात्रों को अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए समय सारिणी में बदवाल करने की जरूरत है। आप अपने करियर को लेकर थोड़ा परेशान होंगे।

**वृष :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आपका कला के क्षेत्र की तरफ रुझान बढ़ेगा। आपको व्यापार से लाभ तो होगा, लेकिन आपके घर के खर्चों में वृद्धि भी होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है।

**मिथुन :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नौकरी कर रहें तो ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से आना जाना करने में आपको आसानी होगी। हो सके तो उधार के लेन-देन से बचें। आपको व्यापार में धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**कर्क :** आज आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। पारिवारिक कार्यो को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आपका समय बच्चों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही उनको कुछ अच्छा सिखा भी सकते है। कोई मित्र आपसे मिलने आ सकता है।

**सिंह :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यात्रा हो सकती है जो किसी भी काम से सम्बन्धित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दोस्त/रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। कम्पटीटिव एग्जाम से सम्बंधित कोई अच्छा समाचार आपको मिल सकता है।

**कन्या :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी कार्य को पूरा करने के लिए योजना बना सकते हो। अपने व्यापार को लेकर मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। आपकी उलझने कम हो सकती हैं। प्रेमी के लिए दिन अनुकूल है। इंजीनियर्स के लिए दिन अच्छा रहेगा, किसी कम्पनी से जॉब के ईमेल आ सकती है। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

**तुला :** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप किसी दोस्त की मदद करने के लिए उसके घर जा सकते हैं। ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक :** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे होने में आसानी होगी। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

**धनु :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा, ऑनलाइन क्लास से कुछ नया सीखने को मिलेगा। परिवार ने एकता का माहौल रहेगा किसी कार्य को लेकर सब एक मत हो सकते है। जीवनसाथी को कुछ अच्छा सा उपहार दे सकते हैं, रिश्ता और भी मधुर होगा।

**मकर :** आज आपका दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है, बेहतर होगा कि किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है।

**कुंभ :** आज आपका दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। आपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखें। आप जितना हो सके दूसरों की राय लेकर ही किसी कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलनी तय है। ऑफिस में आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**मीन :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का दिन अच्छा है, आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। आपकी सोच में सकरात्मकता आयेगी। महिलाएं शॉपिंग करते समय खुद को थोड़ा काबू में रखें खर्च बढ़ सकता है। थिएटर से जुड़े लोगों के लिये दिन बढ़िया है, आपके काम की तारीफ होगी। इस राशि के विवाहितों के लिए दिन बढ़िया रहेगा।

# भाजपा के एजेंडे पर कांग्रेस की दुविधा

//अजीत द्विवेदी//

**कांग्रेस पार्टी समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर दुविधा में है। इस पर विचार के लिए पार्टी के आला नेताओं की बैठक हुई थी, जिसमें किसी रणनीति पर सहमति नहीं बनी। यह बहुत कमाल की बात है कि भारतीय जनसंघ के जमाने से चले आ रहे भारतीय जनता पार्टी के जितने भी पुराने, महत्वपूर्ण और घोषित मुद्दे रहे हैं उन पर कांग्रेस पार्टी हमेशा दुविधा में रही है या असहज रही है। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि कांग्रेस ने कभी भी उन मुद्दों का खुल कर विरोध नहीं किया है। उलटे ऐसा भी हुआ है कि उन मुद्दों पर आगे बढ़ कर कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि वे भी इस पर अमल करने जा रहे थे या उन्होंने ही इसकी पहल की थी। ध्यान रहे भारतीय जनसंघ और भाजपा के तीन कोर मुद्दे थे और आजादी के समय से चले आ रहे थे।**

इनमें पहला अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का था। दूसरा, जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति का और तीसरा समान नागरिक संहिता का। यह जानना बहुत दिलचस्प है कि कांग्रेस ने इन तीनों मुद्दों का विरोध नहीं किया है, बल्कि दबी जुबान में समर्थन किया है। कांग्रेस ने ऐसा क्यों किया, इस पर चर्चा से पहले यह देखना दिलचस्प होगा कि इन मुद्दों पर कांग्रेस की क्या प्रतिक्रिया रही थी।

जब अयोध्या की विवादित जमीन को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और राम जन्मभूमि मंदिर बनने का रास्ता साफ हुआ तो कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। कांग्रेस ने आधिकारिक बयान में कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है। उसने सभी समुदायों से संविधान में निहित धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और भाईचारे की भावना का पालन करने और शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। ऐसा इसलिए नहीं हुआ कि कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट का बहुत सम्मान करती है, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि यह राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील मुद्दा है और इसका विरोध करना कांग्रेस को व्यापक हिंदू समाज में अछूत बना सकता था। सो, बहुसंख्यक हिंदू समाज का ध्यान रखते हुए कांग्रेस ने फैसले का स्वागत किया। इतना ही नहीं कांग्रेस के नेताओं ने आगे बढ़ कर कहा कि राजीव गांधी के समय मंदिर का ताला खुला था और कांग्रेस ने हिंदुओं को पूजा का अधिकार दिलाया था। इस तरह कांग्रेस ने बहुत दयनीय सा प्रयास किया कि मंदिर निर्माण का श्रेय अकेले भाजपा और नरेंद्र मोदी को नहीं मिलने दिया जाए। हालांकि वह इसमें असफल रही।

इसके बाद आया जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का फैसला। कांग्रेस ने शुरू में इसका विरोध किया लेकिन पार्टी के ही कई नेताओं ने पार्टी लाइन से अलग हट कर इसका समर्थन कर दिया। बाद में कांग्रेस ने भी इस मसले पर चुप्पी साध ली। कांग्रेस का विरोध सिर्फ जम्मू कश्मीर के बंटवारे और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने तक सीमित रह गया।

अगस्त 2019 में जब केंद्र ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने का फैसला किया तब गुलाम नबी आजाद राज्यसभा में कांग्रेस के नेता थे। उन्होंने इसे राज्य की जनता के साथ विश्वासघात बताया। लेकिन आज वे कहां हैं और अनुच्छेद 370 पर क्या कह रहे हैं वह सबको पता है। कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता पी चिदंबरम ने इसका विरोध करते हुए सिर्फ इतना कहा कि अनुच्छेद 370 हटा कर सरकार उन ताकतों को हवा दे रही है, जिन्हें वह नियंत्रित नहीं कर पाएगी। कांग्रेस नेता जनार्दन द्विवेदी, दीपेंद्र हुड्डा, आचार्य प्रमोद आदि ने फैसले का समर्थन किया था। जब इस फैसले के बाद बकौल अमित शाह एक कंकड़ भी नहीं चला तो कांग्रेस पार्टी भी चुप हो गई। उलटे कांग्रेस के नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पिछले 70 साल में जम्मू कश्मीर में कई कानूनी प्रावधान बदल गए हैं। कांग्रेस ने बताया कि अब वहां के मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री नहीं कहा जाता है। कांग्रेस ने दावा किया कि वह भी धीरे धीरे अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त कर रही थी, जबकि भाजपा सरकार ने एक झटके में उसे खत्म कर दिया। अब कांग्रेस अनुच्छेद 370 बहाली की बात नहीं करती है, बल्कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और चुनाव की मांग करती है। इस मामले में भी कांग्रेस के समर्थन का कारण वहीं रहा, जो राम जन्मभूमि मंदिर के मामले में था।

अब तीसरा मामला समान नागरिक संहिता का है और कांग्रेस इसे लेकर भी दुविधा में है। उसको पता है कि राममंदिर और अनुच्छेद 370 की तरह समान नागरिक संहिता का मुद्दा भी देश के बहुसंख्यक हिंदुओं के दिमाग में दशकों से पकता रहा है और बहुसंख्यक हिंदू इस बात से सहमत हैं कि सबके लिए एक कानून होना चाहिए। उनको पता नहीं है कि विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने और संपत्ति के बंटवारे का एक जैसा कानून होने से उनको क्या नफा-नुकसान है। लेकिन उनको समझाया गया है कि इससे मुसलमानों में बहुविवाह रूक जाएगा और फिर जनसंख्या नियंत्रण आसान हो जाएगा और फिर हिंदू सुरक्षित हो जाएंगे। अपने देश में उनके अल्पसंख्यक हो जाने का कथित खतरा समाप्त हो जाएगा। सो, इसका विरोध करना कांग्रेस के बहुसंख्यक हिंदू मतदाताओं की नजर में हिंदू विरोधी साबित करेगा। दूसरे, संविधान के अनुच्छेद 44 में नीति निदेशक तत्वों में समान नागरिक संहिता की बात कही गई है। इसलिए भी कांग्रेस के सामने यह दुविधा है कि उसके पूर्वजों ने जिसकी जरूरत बताई थी उसका विरोध कैसे करें।

सो, ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस इस मामले में भी राम जन्मभूमि मंदिर और अनुच्छेद 370 जैसे रवैया अपना सकती है। वह अगर खुल कर इसका समर्थन नहीं करती है तो 'नरो वा कुंजरो' किस्म का रुख अख्तियार कर सकती है। यानी दोनों तरह के मैसेज दे सकती है। वह बीच का रास्ता अख्तियार करते हुए इसका विरोध करने की बजाय ऐसे मुद्दों पर जोर देगी, जिससे सरकार असहज होगी और हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग का समर्थन उसको मिलेगा। मिसाल के तौर पर संपत्ति के बंटवारे का मामला है। आदिवासी संस्कृति और मान्यताओं का मामला है। सिख समुदाय की संवेदनशीलता का मामला है। कुल मिला कर कांग्रेस इस मामले में सरकार का खुला विरोध करने की बजाय संभावित बिल की बारीकियों में जाएगी और उसके कुछ प्रावधानों का विरोध करेगी और इसे राजनीतिक एजेंडा बताएगी। पहले दोनों मुद्दों की तरह कांग्रेस के कुछ नेता इसका समर्थन भी करने लगे हैं। हिमाचल सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसका समर्थन किया है। असल में ये तीनों मुद्दों ऐसे हैं, जिन पर कांग्रेस या कोई भी पार्टी खुल कर विरोध नहीं कर सकती है क्योंकि आजादी के बाद राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ, भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के प्रचार की वजह से व्यापक हिंदू समाज में इन्हें लेकर एक धारणा बनी हुई है। उस लोकप्रिय धारणा से अलग हट कर कोई भी लाइन लेना पार्टियों के लिए आत्मघाती होगा। कांग्रेस के सामने इस वजह से भी दुविधा है कि उसको अलग अलग राज्यों में चुनौती दे रही आम आदमी पार्टी ने इसका समर्थन किया और उसकी सहयोगी शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट ने भी इसका समर्थन किया है। नीतीश कुमार मीडिया के सवाल टाल रहे हैं लेकिन उनका रुख भी समर्थन का ही होगा। सो, कांग्रेस अलग थलग भी नहीं पड़ना चाहती है और न ओवैसी की लीग में शामिल होने का जोखिम ले सकती है।

# सरकार ने क्यों नहीं नौ वर्षों में समान नागरिक संहिता बनवाई

//हरिशंकर व्यास//

**कैसी बेहूदगी है! नौ वर्षप्रधानमंत्री पद पर रहने के बाद नरेंद्र मोदी अब बात कर रहे हैं कि एक घर, दो कानून नहीं चलेगा!भला उन्हें किसने रोका था, संविधान के इस निर्देशक सिद्धांत (अनुच्छेद44) केसंकल्प में अमल से। दो टूक यहभी सत्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कॉमन सिविल कोड बनाने के लिए कहा है। बकौल खुद नरेंद्र मोदी-सुप्रीम कोर्ट डंडा मारता हैज्लेकिन वोट बैंक के भूखे लोग अड़ंगा लगा रहे हैं! लेकिन हम चाहते हैं! तो रोका किसने और कब था। क्या मोदी सरकार लोकसभा-राज्यसभा में एक देश, एक विधान के कानून प्रस्ताव की मंजूर नहीं करा सकती। क्या राष्ट्रपति उस पर दस्तखत नहीं करेंगे। क्या वैसी कोई बाधा है जैसी पंडित नेहरू जब हिंदू कोड बिल पास करा रहे थे तब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का मन नहीं मान रहा था।**

ऐसी कोई बाधा, कोई किंतु-परंतु नरेंद्र मोदी और अमित शाह, भाजपा-संघ-संविधान-सुप्रीम कोर्ट की ओर से नहीं है। एक देश, एक विधान के संकल्प में ही गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाई (हालांकि इस मामले में भी कुछ और राज्यों के विशेष दर्जे की धाराओं को हटाए बिना)। राज्य का पुर्नगठन किया। तब क्यों व्यर्थ में अब कानून और व्यवस्था की अलग-अलग असमानताओं, दर्जे को मिटाने में नरेंद्र मोदी और अमित शाह विरोधी दलों व मुसलमानों को ललकार रहे हैं। क्यों नहीं बिना हल्लेबाजी के संसद में सीधे रखें नए कानून का प्रस्ताव और उसे पास करा कर अपने आपको बुनियादी परिवर्तनकारी, प्रगतिशील साबित करें रूढिवादियों, अंधविश्वासियों व परंपरावादियों पर हथौड़े चलाएं।

संविधान से साफ निर्देश है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा है और सुप्रीम कोर्ट की मौजूदा तासीर में तो समान लिंग में विवाह पर विचार तक की हिम्मत है तो भला समान नागरिक संहिता का कानून बनाने पर क्यों मोदी व भाजपा को विपक्ष पर दोषारोपण करना चाहिए। क्यों मुस्लिम-आदिवासी और कठमुल्ला हिंदू संगठनों की परवाह करनी चाहिए। क्योंकर यह नौटंकी है जो राज्य सरकारों में अलग-अलग प्रस्ताव से नागरिक संहिता बनाने का ढोंग रचा जा रहा है।

इसलिए क्योंकि बातें बनाकर, मुसलमान के विरोध का हल्ला बना कर हिंदुओं में इन्हें अपनी वोट राजनीति पकानी है। पूरे देश में हल्ला बना रखा है कि मुसलमान ज्यादा बच्चे पैदा कर रहे हैं। इनकी आबादी को रोकना जरूरी है। इसलिए भारत के हर नागरिक को देश के एक कानून से परिवार-जीवन को एक विधान में, शादी, तलाक, संपत्ति के मामले को एक सांचे में ढालेंगेतभी मुसलमानों की आबादी बढ़ना रूकेगी। मतलब यह कि समान नागरिक संहिता मुसलमान की आबादी को रोकने का ब्रह्मास्त्र है। यदि ऐसा है तो मोदी सरकार ने नौ वर्ष से इस कानून का डंडा हवा में क्यों लटका रखा है। इसका कानून क्यों नहीं बना डाला। इसलिए ताकि मुसलमान, कांग्रेस और विपक्ष के विरोध का हल्ला बने। मीडिया में फिजूल शोर होता रहे और वोट के मामले में हिंदू गोलबंद बना रहे। ओवैसी का विरोध, मुस्लिम संगठनों की हवाबाजी से हिंदू दिल-दिमाग में क्योंकि भभका बनता है तो उन्हें उकसाए रहो और बातें बना कर हिंदुओं को बेवकूफ बनाओ!

अपनी गारंटी है कि इसी मॉनसून सत्र में यदि मोदी सरकार नागरिक संहिता बिल रखे और अमित शाह अनुच्छेद 370 जैसी फुर्ती दिखा कर लोकसभा-राज्यसभा में बहस व जवाब दे कर संसद का ठप्पा लगाएं तो जुलाई के महीने में ही राष्ट्रपति के दस्तखत सहित समान नागरिक संहिता कानूनी तौर पर संविधान में स्थान लिए होगी। गारंटी है कि न कांग्रेस इसके खिलाफ वोट करेगी और न आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी या वामपंथी पार्टी!पर ऐसा होगा नहीं? और यदि दिखावे के लिए मोदी सरकार ने संसद में कोई प्रस्ताव रखा भी तो वह चूं-चूं का मुरब्बा होगा। इसलिए कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह, भाजपा और संघ को हिंदू वोटों की चिंता पहले है। और इसमें तय मानें कि समान नागरिक संहिता के जो तीन तत्व (विवाह-तलाक-संपत्ति) हैं उसमें हिंदू जीवन की बुनियाद भी फंसी है। सोचें, ईमानदारी से सोचें कि हिंदुओं के सेठ, गुजराती-मारवाड़ी-बनिया-ब्राह्मण-जाट-पिछड़ा-दलित-आदिवासी क्या अपने उत्तराधिकार में संतान, लड़के-लड़की में संपत्ति में बराबर के बंटवारे के नियम-कानून मानेंगे। क्या हिंदू विवाह और तलाक की इस आधुनिक-प्रगतिशील व्यवस्था के लिए तैयार हैं कि विवाह बंधन तब तक जब तक मियां-बीवी राजी। और जब रजामंदी खत्म तो शादी वैसे ही सहज खत्म जैसे अमेरिका, पश्चिमी देशों याकि आधुनिक-प्रगतिशील समाजों में है! पति-पत्नी अपने अलग-अलग रास्तों में नई गृहस्थी बसाएंगे!

हां, अंबानी हों या अडानी या भारत का खेतिहर सामान्य हिंदू परिवार, सब संपत्ति के बंटवारे, उत्तराधिकार में या हिंदू संयुक्त परिवार, एचयूएफ में बेटों में जो संपति याकि विरासत बांटते हैं वह समान नागरिक संहिता के बाद बेटियों में बराबरी के वितरण की बाध्यता वाली होगी। पुत्र व पुत्री के लिए समान व्यवस्था। विवाह पंजीकरण,लिव इन रिलेशनशिप, समान लिंग यौन व्यवहार, समान लिंग शादी, विवाह आयु सीमा, तलाक के बाद पत्नी व बच्चों के भरण पोषण की व्यवस्था, पहली पत्नी के बच्चों को भी बराबर के अधिकार, एक तरफा तलाक तथा हलाला पर रोक के साथ में सबकुछ बरबार समान अधिकारों के साथ। इसमें जरा भी ऊंच नीच का कानून बना जैसे यदि महिला की इच्छा को तरजीह जैसी व्यवस्थाएं बनी तो भारत के 140 करोड़ लोगों में हर परिवार और उसके जीवन पर विनाशकारी प्रभाव बनेगा। हर घर अदालत के दरवाजे बैठा होगा। समान नागरिक संहिता में नंबर एक पेंच यह है कि पुरूष व स्त्री को समान अधिकार मिले, बिना कथित महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, विशेषाधिकार के बारीक मगर गहरे सामाजिक जुमलों के। क्या संघ-भाजपा-मोदी-शाह में सोचने की, ऐसी समानता बनाने की है हिम्मत, दूरदृष्टि। मेरा मानना था, है और रहेगा कि पूरे देश में घर-परिवार-जीवन के लिए एक से नागरिक कानून होने चाहिए और इस फालतू के झमेले में नहीं उलझना चाहिए कि आबादी में फलां-फलां वर्ग या वर्ण में लोग क्या-क्या सोचेंगे। ऐसी चिंताए करनी ही नहीं चाहिए। जब पंडित नेहरू ने हिंदू बिल कोड पास करा कर ठानी तो उसके पीछे भारत के सनातनी जीवन को वक्त अनुकूल प्रगतिगामी बनाना था वैसे हीमोदी-शाह को एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अपने जुमले में पंडित नेहरू जितनी हिम्मत तो दिखानी चाहिए। बहुसख्यक, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों याकि कथित वोट बैंकों की चिंता छोड़ भारत को यूरोप, अमेरिका, ब्रिटेन जैसी समान नागरिक संहिता की व्यवस्था में स्त्री-पुरूष और परिवार की बेसिक संरचना को समानता (न किसी को तरजीह, स्त्री-पुरूष के बराबर अधिकार, बिना सशक्तिकरण, तुष्टीकरण के) की कसौटी में ढाला तो अपने आप पच्चीस साल बाद भारत की समाज रचना बदली हुई होगी। मुसलमान भी तुर्की या यूरोप के मुसलमान जैसे स्त्री-पुरूष समानता जैसी जिंदगी जीता हुआ होगा तो हिंदुओं के तमाम वर्ग-वर्ण स्त्री-पुरूष की आधुनिकता में जाति और कुनबे की रूढ़ियों से बाहर निकले हुए होंगे। हिंदू तब रियल सनातनी जीवन जीते हुए होगा।

## अध्यादेश पर भी कांग्रेस ने फैसला नहीं किया

कांग्रेस पार्टी की एक अहम बैठक पिछले हफ्ते हुई थी। आमतौर पर संसद की रणनीति समिति की बैठक सत्र शुरू होने के समय होती है लेकिन इस बार सत्र की घोषणा के साथ ही कांग्रेस की संसदीय रणनीति समूह की बैठक हुई। सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में हुई बैठक में संसद के मॉनसून सत्र की रणनीति पर चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के सामने दो मुद्दे थे। पहला मुद्दा समान नागरिक संहिता का था और दूसरी दिल्ली सरकार से जुड़े केंद्र के अध्यादेश का था। दोनों मुद्दों पर कांग्रेस ने अपना रुख तय नहीं किया है। समान नागरिक संहिता पर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने विचार किया। बताया जा रहा है कि इस पर यह सहमति बनी कि पार्टी सोच समझ कर इस मामले में फैसला करेगी। जानकार सूत्रों का कहना है कि पार्टी के कई नेता नहीं चाहते हैं कि कांग्रेस इसका विरोध करे। क्योंकि इससे बहुसंख्यक हिंदू मतदाताओं के नाराज होने का खतरा है। समर्थन करने पर अल्पसंख्यक मतदातओं की नाराजगी का खतरा है। इसलिए कांग्रेस के लिए इसका फैसला आसान नहीं होगा। इसी तरह की स्थिति अध्यादेश के मामले में भी है।

## तस्वीरों की दुनिया



कोच्चि में समुद्र तट पर ऊंची ज्वार की लहरें उठने पर स्थानीय निवासियों की प्रतिक्रिया।



मुंबई में मरीन ड्राइव पर ऊंची ज्वारीय लहरों के टकराने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते लोग।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



बेंगलुरु में विधान सौध में एक परिषद सत्र के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार।



भारत में अमेरिकी राजदूत, एरिक गार्सेटी ने कोलकाता में द अमेरिकन सेंटर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



एआईसीसी कार्यालय में राजस्थान चुनाव पर एक बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल।

# छत्तीसगढ़ के हाईवे निर्माण में वन्यजीवों की सुरक्षा पर पीएम मोदी का विशेष ध्यान, आज रखेंगे आधारशिला

**नईदिल्ली, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ में तीन राष्ट्रीय राजमार्गों की जब आधारशिला रखेंगे तो यह देश में बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में एक और कदम भर नहीं होगा, बल्कि यह विकास के साथ-साथ वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके ठिकानों का ध्यान रखने का भी एक और उदाहरण होगा।पीएम को छह लेन के ग्रीनफील्ड रायपुर-विशाखापत्तनम कारिडोर के छत्तीसगढ़ वाले हिस्से की आधारशिला रखनी है, जिसके तहत राज्य में तीन नेशनल हाईवे परियोजनाओं पर काम होना है। इन हाईवे परियोजनाओं की खासियत उनकी गुणवत्ता तो है ही, बल्कि यह भी है कि इनके तहत वनक्षेत्र उदंती वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी में छह लेन की 2.8 किलोमीटर लंबी एक टनल भी बनाई जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ही वाहनों के आवागमन से वन्य जीवों को बचाना है ताकि उनके जीवन में कोई खलल न पड़े। इतना ही नहीं, 27 वन्य जीव पास और बंदरों की सुरक्षा के लिए 17 कैनोपी का भी निर्माण किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, यह प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण रहा है कि राजमार्गों के



विकास के क्रम में वन्य जीवों के जीवन में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। इसी सोच के तहत कोशिश इसी बात की जा रही है कि उन पर पड़ने वाले प्रभाव कोन्यूनतम किया जा सके। न तो उनकी सुरक्षा पर कोई आंच आनी चाहिए और न ही उनके मुक्त आवागमन पर कोई प्रतिबंध लगने की स्थिति उत्पन्न होने दी जाएगी। पीएम के इस पहलू पर विशेष तौर पर जोर देने के कारण ही हाल के वर्षों में हाईवे और एक्सप्रेस-वे के निर्माण में वन्यजीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए विशेष ढांचों के निर्माण का सिलसिला तेज हुआ है। उदाहरण के लिए दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कारिडोर में एशिया का सबसे लंबा वाइल्डलाइफ एलिवेटेड कारिडोर बनाया जा रहा है। यह कारिडोर 12 किलोमीटर लंबा होगा।पीएम ने दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कारिडोर की आधारशिला दिसंबर 2021 में रखी थी। कुछ इसी तरह की पहल अनेक अन्य राजमार्गों और एक्सप्रेव के निर्माण की परियोजनाओं में की गई है।

इनमें हरिद्वार-देहरादून सेक्शन(एनएच 58) में हाथियों के लिए दो अंडरपास तथा 731 दूसरे स्ट्रक्चर शामिल हैं।इसी तरह गणेशपुर-देहरादून हाईवे में भी चार अंडरपास और 300 मीटर लंबी सुरंग और 11.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कारिडोर बनाया गया है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र को जोड़ने वाले एक अन्य हाईवे (एनएच-7) में 1400 मीटर लंबा एलिवेटेड कारिडोर तथा 14 अंडरपास बनाए गए हैं, जो वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले हैं। एक अन्य उदाहरण राजस्थान में दिल्ली-वडोडरा एक्सप्रेस-वे का भी है। इसमें 2.7 किलोमीटर का एलिवेटेड कारिडोर, पांच एनिमल अंडरपास, 3.9 किमी का कट कवर, 700 मीटर लंबा ब्रिजऔर लगभग पांच किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण इसलिए किया जा रहा है ताकि इस एक्सप्रेस-वे से प्रभावित होने वाले वन्यजीवों को कोई असुविधा न हो।

# छह घंटे से कम सोने से शारीरिक गतिविधि के लाभ हो जाते हैं कम, शोध में हैरान कर देने वाली बात आई सामने

**नईदिल्ली, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

द लैंसेट हेल्दी लांगविटी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, रोजाना छह घंटे से कम सोने से नियमित शारीरिक गतिविधि का सुरक्षात्मक प्रभाव कम हो सकता है। यूके में यूनिवर्सिटी कालेज लंदन के शोधकर्ताओं ने इंग्लैंड में 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के 8,958 लोगों में 10 वर्षों तक संज्ञानात्मक कार्य को देखा।उन्होंने विश्लेषण किया कि नींद और शारीरिक गतिविधि की आदतें लोगों के संज्ञानात्मक कार्य को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। टीम ने पाया कि जो लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय थे, लेकिन औसतन छह घंटे से कम कम नींद लेते थे, उनमें समग्र रूप से तेजी से संज्ञानात्मक गिरावट आई। जिसका अर्थ है कि 10 वर्षों के बाद उनका संज्ञानात्मक कार्य उन साथियों के बराबर था जो कम शारीरिक गतिविधि करते थे। यूसीएल इंस्टीट्यूट आफ एपिडेमियोलाजी एंड हेल्थ केयर से अध्ययन की प्रमुख लेखिका मिकाएला ब्लूमबर्ग ने कहा कि हमारे अध्ययन से पता चलता है कि शारीरिक गतिविधि के पूर्ण संज्ञानात्मक लाभों को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त नींद आवश्यक हो सकती है।ब्लूमबर्ग ने कहा कि यह दर्शाता है कि संज्ञानात्मक स्वास्थ्य के बारे में सोचते समय नींद और शारीरिक गतिविधि पर एक साथ विचार करना कितना महत्वपूर्ण है।

## संजय राउत का दावा, शिंदे गुट के कई विधायक हमारी पार्टी के संपर्क में

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव गुट) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 17-18 विधायक राकांपा नेता अजित पवार के सरकार में शामिल होने के बाद से हमारी पार्टी के संपर्क में हैं। राउत ने कहा कि सरकार के पास बहुमत है, फिर भी राकांपा का एक बड़ा समूह सरकार में शामिल हुआ। इसका अर्थ है कि शिंदे नीत शिवसेना की अब और कोई जरूरत नहीं है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना सरकार में मंत्री उदय सामंत ने राउत के दावे का खंडन करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे गुट के 13 में से छह विधायक उनके संपर्क में हैं।राउत के सहयोगी और लोकसभा सदस्य विनायक राउत ने दावा किया कि शिंदे गुट के विधायकों ने बगावत शुरू कर दी है। शिंदे गुट के कुछ विधायक संदेश भेज रहे हैं कि वे मातोश्री से माफी मांगना चाहते हैं।

# कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया तो लगेगी एनएसए, मुस्लिम समुदाय के साथ बैठक करेंगे एसएसपी

**देहरादून, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

विकासनगर क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से बिगड़ रहे माहौल को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने विकासनगर का दौरा किया, वहीं देहरादून में हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में हिन्दू वादी संगठनों के अलावा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कमलेश उपाध्याय व अपर जिला मजिस्ट्रेट रामजी शरण भी मौजूद रहे। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपेक्षा की गई व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ सांप्रदायिक सौहार्द पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली किसी भी गतिविधि को न करने के संबंध में स्पष्ट रूप से बताया गया।

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति व समूह को नियम विरुद्ध कार्य करने की न तो अनुमति दी जाएगी और ना ही ऐसी किसी गतिविधि को बर्दाश्त किया जाएगा। जो भी व्यक्ति या समुदाय कानून विरुद्ध कार्य करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द व कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करेगा, उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। हिंदूवादी संगठनों से सहयोग प्रदान करने और किसी भी सूचना को पुलिस के सक्षम प्राधिकारी को तत्काल सूचित करने को कहा गया। आज शुक्रवार को एसएसपी मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे।

# तड़के को लगी महंगाई की आग, टमाटर के बाद प्याज हुआ लाल

**फगवाड़ा, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

पंजाब व हिमाचल में हो रही वर्षा के कारण सब्जियों की सप्लाई में कमी का सीधा असर लोगों की रसोई पर पड़ रहा है। तीन दिन पहले टमाटर के दाम में तीन गुना वृद्धि होने के बाद अब प्याज भी तेज हो गया है। दो दिनों के भीतर ही दाम 20 रुपये से बढ़कर 30 रुपए प्रति किलो हो गए हैं। वर्षा के चलते कई इलाकों में फसल प्रभावित हुई है। वहीं सप्लाई में कमी आने के कारण तकरीबन सभी सब्जियों के दामों में भारी उछाल आया है।10 दिनों के भीतर ही कई सब्जियों के दाम दोगुना हो गए हैं, जबकि कुछ के दाम में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि



आमद कम होने के कारण जहां लगभग सभी सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी हुई वहीं टमाटर और प्याज के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 15 दिन पहले टमाटर 20 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा था जिसकी कीमत 80 रुपए से 100 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसी प्रकार प्याज भी अब 30 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है। लोगों का कहना है कि महंगाई के कारण रसोई का बजट बिगड़ा हुआ है। रही सही कसर सब्जियों की बढ़ी कीमतों ने पूरी कर दी है।उन्होंने कहा कि पहले जहां वह प्रति किलो के हिसाब से सब्जियां खरीदते थे वहीं अब पाव किलो या आधा किलो के हिसाब से खरीद रहे हैं। अब वह दालों को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। सब्जियों के बढ़ते दाम ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है और आम जनता महंगाई की मार झेल रही है।आमतौर पर अधिकतम 10 रुपये किलो बिकने वाला आलू इस समय 20 से 25 रुपये किलो बिक रहा है। वहीं हरी धनिया और मिर्च तो सारे रिकार्ड ही ध्वस्त कर दिए हैं। बारिश के बाद से टमाटर के दाम 50 से 180 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए और मुर्गे का भाव 170 प्रति किलोग्राम है।

# आज से बस में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे अभ्यर्थी, परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू

**देहरादून, 07 जुलाई ।**

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए आज शुक्रवार से मंगलवार 11 जुलाई तक अभ्यर्थी उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगे। यात्रा के दौरान उन्हें परीक्षा के लिए जारी पहचान-पत्र दिखाना होगा। राज्य सरकार की ओर से अभ्यर्थियों को दी गई राहत के बाद उत्तराखंड परिवहन निगम के महाप्रबंधक दीपक जैन ने गुरुवार को मुफ्त यात्रा के आदेश जारी कर दिए। महाप्रबंधक ने बताया कि अभ्यर्थी पहचान-पत्र की कागज की प्रति दिखाने के साथ ही मोबाइल फोन में डाउनलोड प्रति दिखाकर भी मुफ्त यात्रा कर सकते हैं। यह सुविधा अभ्यर्थी को उसके परीक्षा स्थल के समीप बस अड्डे तक छोड़ने और वापस ले जाने के लिए दी जाएगी। निगम की ओर से ई-टिकट मशीन में परिचालकों के लिए परीक्षा का विकल्प डाउनलोड कर दिया है।उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित मध्य स्नातक स्तरीय पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा को निष्पक्ष संपादित कराए जाने को धारा 144 लागू की गई है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 9 जुलाई को 11 बजे से 1 बजे के मध्य स्नातक स्तरीय (विभिन्न विभाग) के पदों पर चयन को लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को निष्पक्ष रूप से संपादित कराये जाने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद के परीक्षा केंद्रों में परीक्षा अवधि के दौरान परगना मजिस्ट्रेट टिहरी अपूर्वा सिंह ने धारा 144 लागू कर दी।

परीक्षा अवधि में जनपद टिहरी के परीक्षा केंद्र अटल उत्कृष्ट श्रीदेव सुमन राइंका कालेज चम्बा, बीवीएस पब्लिक स्कूल बौराड़ी नई टिहरी, राबाइंका बौराड़ी नई टिहरी, राबाइंका ब्लाक रोड चम्बा, राइंका रानीचौरी, राइंका नई टिहरी मोलधार, रा. प्रताप इंटर कालेज बौराड़ी , मार्डन स्कॉलर एकेडमी चंबा, नई टिहरी इंटरनेशनल स्कूल पैन्यूला, सेंट एन्थॉनी पब्लिक स्कूल ढुंगीधार, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एफ-ब्लाक नई टिहरी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज उनियालसारी चंबा के आस-पास की 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की गई है।

# भारत ने पनबिजली परियोजनाओं पर ट्रिब्यूनल में सुनवाई खारिज की, पाक को खरीखोटी भी सुनाई



**नईदिल्ली, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

भारत ने जम्मू-कश्मीर की किशनगंगा और रतले पनबिजली परियोजनाओं पर हेग स्थित परमानेंट कोर्ट आफ आर्बिट्रेशन (मध्यस्थता के लिए गठित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय) के सुनवाई शुरू करने के निर्णय को अस्वीकार कर दिया है। कहा है कि कोर्ट की भारत की पनबिजली परियोजनाओं पर सुनवाई अवैध है और भारत उसकी प्रक्रिया में शामिल नहीं होगा। कोर्ट ने भारत और पाकिस्तान के बीच के विवाद को खत्म करवाने के लिए मामले में मध्यस्थता करने का निर्णय लिया था।इस बीच पाकिस्तान ने उम्मीद जताई है कि भारतसिंधु जल समझौते के प्रविधानों को सद्भावना से लागू करेगा। भारत ने पाकिस्तान द्वारा दी गई अर्जी पर इस ट्रिब्यूनल में शुरू हुई सुनवाई प्रक्रिया में शामिल न होने का फैसला किया है। पाकिस्तान ने यह अर्जी सिंधु जल समझौते के तहत तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा विवादित बिंदुओं का परीक्षण कर लेने के बाद दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है कि भारत मामले में इस तरह की अवैध और समानांतर प्रक्रिया को मान्यता देने या उसमें शामिल होने के लिए बाध्य नहीं है। जनवरी में भारत ने सिंधु जल समझौते की समीक्षा के लिए नोटिस दिया था।

इसके बावजूद पाकिस्तान ने विवादों को निपटाने के तय व्यवस्था में रुचि नहीं दिखाई। विश्व बैंक की मध्यस्थता में 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच यह जल समझौता हुआ था। यह जल समझौता किसी अन्य प्रक्रिया के तहत वार्ता करने या सुनवाई करने की अनुमति नहीं देता। समझौते में संबद्ध पक्षों में वार्ता के अतिरिक्त किसी अन्य की मध्यस्थता का भी प्रविधान नहीं है। मामले में जब तटस्थ विशेषज्ञ से समीक्षा कराई गई, तब समानांतर सुनवाई की प्रक्रिया शुरू करने का क्या औचित्य था।

# बच्चों ने नहीं कटवाए बाल तो टीचर ने ही चला दी कैंची अभिभावकों के विरोध के बाद शिक्षिका बर्खास्त



**नोएडा, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

सेक्टर-168 स्थित शांति इंटरनेशनल स्कूल में बार-बार कहने के बाद भी जब बच्चों ने बड़े हुए बाल नहीं कटवाए तो शिक्षिका को गुस्सा आ गया। शिक्षिका ने खुद ही कैंची लेकर लड़कों के आड़े-तिरछे बाल काट दिए। बृहस्पतिवार को अभिभावकों ने स्कूल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। आनन-फानन में स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों से माफी मांगते हुए शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया। तब जाकर अभिभावकों का गुस्सा शांत हुआ।हुआ यूं कि स्कूल में शिक्षिका सुषमा ने कक्षा-11 में पढ़ने वाले बच्चों के बाल बड़े होने पर उनको फटकार लगाई, लेकिन उनकी बात कोई मान नहीं रहा था। बार-बार कहने के बाद भी बच्चों ने जब बाल नहीं कटवाए तो बुधवार को शिक्षिका ने अनुशासन का पालन न करने वाले 10-12 लड़कों के बारी-बारी से आड़े-तिरछे बाल कैंची से खुद ही काट दिए। ताकि छात्रों को बाल कटवाने पड़ें। दोपहर बाद जब स्कूल की छुट्टी हुई तो बच्चे घर पहुंच गए। बच्चों ने इसकी जानकारी अपने-अपने अभिभावकों को दी। बच्चों ने अभिभावकों को बताया कि अन्य लड़कों के भी बाल काटे गए हैं। अभिभावकों ने आपस में संपर्क किया और बृहस्पतिवार को स्कूल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।अभिभावकों ने कहा कि शिक्षिका को कोई अधिकार नहीं है कि वह इस तरह से बच्चों को अपमानित करते हुए उनके सरेआम बाल काट दे। हंगामे की सूचना पर एक्सप्रेस-वे कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने अभिभावकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन अभिभावक शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। कई घंटे हंगामा चलने के बाद स्कूल प्रबंधन ने शिक्षिका को नौकरी से बर्खास्त कर दिया।साथ ही अभिभावकों से बच्चों के बाल काटे जाने के मामले को लेकर माफी भी मांगी। एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी का कहना है कि अभिभावकों द्वारा बच्चों के बाल काटे जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन ने शिक्षिका सुषमा को बर्खास्त कर दिया है। अभिभावकों ने लिखित में कोई कार्रवाई कराने से इन्कार कर दिया है। स्कूल की शिक्षिका सुषमा द्वारा कुछ बच्चों के बाल काटने का मामला सामने आया।

# ईडी ने कारोबारी दिनेश अरोड़ा को किया गिरफ्तार, जमानत के लिए सुप्रीमकोर्ट पहुंचे सिसोदिया

**नईदिल्ली, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गुरुवार रात व्यवसायी दिनेश अरोड़ा को गिरफ्तार किया। अरोड़ा को उसी मामले में सरकारी गवाह घोषित किया गया है जिसकी जांच सीबीआई भी कर रही है। व्यवसायी कथित तौर पर दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया का करीबी है, जो उत्पाद शुल्क नीति मामले में आरोपी हैं। ईडी द्वारा इस मामले में यह 13वीं गिरफ्तारी है।हालांकि, ईडी ने गिरफ्तारी पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। ईडी ने अपने पिछले आरोप पत्र में दावा किया है कि अरोड़ा ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी फंड के संग्रह के रूप में सिसोदिया को 82




लाख रुपये दिए थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक विशेष अदालत के समक्ष याचिका दायर कर मामले में उन्हें सरकारी गवाह बनाने की अनुमति मांगी थी।वहीं इस मामले में आरोपी दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। मनीष सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी दोनों के मामलों में सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने दोनों मामलो में जमानत देने से इंकार कर दिया था।

ईडी और सीबीआई द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की उत्पाद शुल्क नीति ने गुटबंदी की अनुमति दी और कुछ डीलरों का पक्ष लिया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने इस आरोप का जोरदार खंडन किया है।दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप की सीबीआई जांच की सिफारिश करने के बाद उत्पाद शुल्क नीति को रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

ईडी ने एक पूरक आरोपपत्र में श्री सिसौदिया पर दिनेश अरोड़ा के माध्यम से मामले में आरोपी एक अन्य व्यवसायी अमित अरोड़ा से रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। जांच एजेंसी ने इस रिश्वत राशि को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध की आय बताया है। अमित अरोड़ा शराब कंपनियों बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, पॉपुलर स्पिरिट्स और केएसजेएम स्पिरिट्स एलएलपी के प्रमोटर हैं।दिल्ली की एक अदालत ने पिछले साल 16 नवंबर को मामले में दिनेश अरोड़ा को सरकारी गवाह बनाने की सीबीआई की याचिका स्वीकार कर ली थी और उन्हें माफ कर दिया था।

# अमरनाथ यात्रा मार्ग पर कचरा देखते ही वेब ऐप पर करें रिपोर्ट, तुरंत होगी कार्रवाई



**श्रीनगर, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

अमरनाथ यात्रा को प्रदूषण एवं कचरा मुक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई शुरुआत की है। इसमें श्रद्धालुओं के लिए दोबारा इस्तेमाल किए जाने वाले कपड़े के थैले, अपशिष्ट प्रक्रिया की निगरानी के लिए एमआईएस पोर्टल, वेब ऐप और टिकाउ एवं पर्यावरण अनुकूल जिम्मेदार यात्रा के लिए यात्रागान शामिल है। यात्रा को स्वच्छ बनाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग और स्वाहा रिसोर्स मैनेजमेंट मिलकर काम कर रहे हैं। यात्रा गान स्वच्छता और स्थिरता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रसिद्ध बालीवुड गायक शान मुखर्जी द्वारा गाया गया।बता दें कि पहली जुलाई से शुरू हुई तीर्थयात्रा में स्वच्छता को बनाए रखना, यात्रा मार्ग को कचरा मुक्त बनाना और पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती है। हर वर्ष लगभग डेढ़ हजार टन के करीब कचरा निकलता है। यात्रा को कचरा मुक्त बनाने के लिए करीब 400 सफाई मित्र और सफाई कर्मी पूरे यात्रा मार्ग पर तैनात किए हैं। 200 स्वयंसेवक भी हैं जो पूरे यात्रा मार्ग पर कचरा जमा करेंगे। बालटाल व पहलगाम में बने यात्री शिविरों में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोका जाएगा। किसी को इसका इस्तेमाल नहीं करने दिया जाएगा जिसके पास होगा उससे लेकर इसे वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया जाएगा। श्रद्धालुओं में यात्रा को स्वच्छ और पवित्र बनाए रखने के लिए जागरूकता पैदा की जाएगी। श्रद्धालुओं से प्लास्टिक लेकर कपड़े के थैले निश्शुल्क दिए जाएंगे। इसके बाद लंगरों के फूड वेस्ट और किचेन वेस्ट से खाद बनाई जाएगी। एक सौर ऊर्जा और बायोगैस वाले लंगर स्थापित करने के लिए लंगर समितियों को प्रेरित किया जाएगा। यात्रा मार्ग, आधार शिविर, लंगर और गुफा तक कचरा प्रबंधन सुविधा होगी। श्रद्धालुओं में जागरूकता पैदा करने के लिए जिंगल्स, यात्रा गान होगा, सेल्फी प्वाइंट पर कपड़े का बैग और साथ स्वच्छता मैसकाट पूरे समय आधार शिविर में घूमेंगे।,

इंटरनेट मीडिया से पूरे देश में टिकाऊ पर्यटन व जिम्मेदारी पूर्व यात्रा करने का संदेश फैलाया जाएगा। श्रद्धालुओं को दोबारा इस्तेमाल होने वाली पानी की बोतलों के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया जाएगा क्योंकि यात्रा मार्ग पर 20-25 लाख प्लास्टिक की बोतलें जमा होती हैं। इसे रोकना है।पूरे समय कचरा प्रबंधन, प्रोसेसिंग, मानव संसाधन प्रबंधन व निगरानी के लिए साफ्टवेयर बनाया है, जो रीयल टाइम डेटा का आकलन करने के साथ उसकी रिपोर्टिंग करेगा। यात्री जहां भी कचरा देखेंगे वह वेब ऐप पर रिपोर्ट कर सकेंगे ताकि सफाई मित्र उसे तत्काल उसे हटाएं। टचस्क्रीन कियोस्क भी यात्रा फीडबैक देने के काम आएंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि तीर्थयात्रा तभी सफल होती है जब वह पूरी तरह स्वच्छ रहे। जीरो वेस्ट तीर्थयात्रा हमारा संकल्प है। इसलिए सूचना, शिक्षा और संचार अभियान को व्यवहार परिवर्तन संचार में बदलने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रभावी माडल बनाने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जा रहे हैं।

स्वयंसेवकों की मदद से आइईसी अभियान और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के चार अलग चरणों में निर्बाध समन्वय के साथ हमारा उद्देश्य पर्यावरण, प्राकृतिक विरासत की सुरक्षा और प्राकृतिक संपत्तियों के सतत उपयोग के प्रति गहरी जिम्मेदारी पैदा करना है जो यात्रा के लिए स्वच्छ अभियान आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और पारिस्थितिक मूल्यों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सूचना प्रौद्योगिकी, आइटी उपकरणों, आईटी उपकरण, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का अधिकतम उपयोग तीर्थयात्रियों के लिए स्वच्छ, शुद्ध और अद्वितीय अनुभव सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बीते वर्ष यात्रा के दौरान ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने और रीसाइक्लिंग में उल्लेखनीय कार्य के बारे में कहा कि आपकी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धा आप ही हैं।इस तरह के एकीकृत प्रयासों और अपशिष्ट प्रबंधन माडल को अन्य तीर्थयात्राओं के लिए दोहराया जा सकता है। हम श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को इस माडल का अध्ययन करने और इसे लागू करने का निर्देश देंगे। उन्होंने तीर्थयात्रियों से यात्रा के दौरान उनके अनुभव और स्वच्छता प्रबंधन पर उनकी राय को साझा किया। उपराज्यपाल ने सतत और जीरो लैंडफिल यात्रा अभियान के लिए प्रतीक चिन्ह, आइईसी सामग्री और दिशानिर्देश भी जारी किए।





# त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने हेतु दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## कलेक्टर लंगेह ने बूथ लेबल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों की ली बैठक

**कोरिय।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारी को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बूथ लेबल अधिकारियों एवं सुपरवाईजर की बैठक लेकर मतदान से कोई भी मतदाता वंचित न रहे इसके लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होनें बूथ लेबल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों से निर्वाचन के कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने को कहा।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण में बी.एल.ओ. द्वारा प्रत्येक घर का डोर टू डोर सर्वे कार्य 31 जुलाई तक पूर्ण करने एवं दिनांक 01 जुलाई के स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओ की जानकारी एकत्रित कर उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होनें सर्वे के दौरान मतदान केन्द्र के सभी मतदाता का सत्यापन तथा दिव्यांग मतदाता, तृतीय लिंग मतदाताओ, 80 वर्ष से उपर की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओ का परीक्षण करने को कहा। उन्होनें राजनैतिक प्रभुत्व अथवा समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची न छूटे इस हेतु परीक्षण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक परिवार में अनुपस्थित, विस्थापित एवं मृत मतदाताओं की जानकारी प्राप्त कर स्थायी रूप से विस्थापित एवं मृत मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से विलोपित करने की कार्यवाही आयोग के निर्देशानुसार करने को कहा। कलेक्टर ने स्थानीय जनजाति जैसे बैगा और पण्डो समाज के लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने तथा उन्हें मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि 2 अगस्त को होने वाले मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन का सभी मतदान केंद्रों, ग्राम सभा मे वाचन किया जाना है, इस हेतु हर सम्भव मतदान केंद्रों में प्रकाशन के पूर्व प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें, इसके अलावा मतदाता सूची के पहले पेज में आने वाले सभी जानकारियों का सूक्ष्मता से परीक्षण कर सुधार कर लेवे। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 सेक्टर आफिसरो की नियुक्ति की गई है। जो आगामी निर्वाचन का ध्यान मे रखकर मतदान केन्द्रों में मतदान को प्रभावित करने वाले सभी कारकों का संकलन करेगें। कलेक्टर ने बूथ लेबल अधिकारियों से विगत निर्वाचन में कोई अपराधिक व्यक्ति जो स्थानीय दबाव बना सकता है और राजनितिक रूप से विवादित है ऐसे व्यक्तियों की जानकारी सेक्टर आफिसरों को देने को कहा। प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल सिदार, तहसीलदार बैकुण्ठपुर मनोज सिंह पैकरा, प्रभारी तहसीलदार सोनहत नीलिमा लकड़ा सहित निर्वाचन से जोड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### संविदा कर्मियों ने किया यज्ञ

**जांजगीर-चांपा।** संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन के अगले चरण में धरना स्थल में गुरूवार को सद्बुद्धि यज्ञ किया ताकि भगवान सरकार को उनके वादा पूरा करने की शक्ति प्रदान करे और जन घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा कर सके।संविदा कर्मचारी अपनी एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण को लेकर 3 जुलाई से अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले गए हैं।

# सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को पौनी पसारी में शिफ्ट कराने कलेक्टर को पत्र



**कोरिया।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के बाजार पारा में मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या के कारण क्षेत्र के निवासियों ने कलेक्टर कोरिया से न्याय की गुहार लगाई है। बैकुंठपुर के बाजार पारा मुख्य मार्ग पर से अतिक्रमण हटाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। बाजार पारा के निवासियों ने गुरुवार के दिन कोरिया कलेक्टर को सामूहिक हस्ताक्षर कर आवेदन सौंपा है।

आवेदन में वार्ड क्रमांक 13 के निवासियों के साथ पार्षद ने भी अपने हस्ताक्षर किए हैं। स्थानीय निवासियों ने मुख्य मार्ग पर लगने वाले मनिहारी दुकानों को बाजार पारा में ही बने पौनी पसारी सैड में शिफ्ट करने तथा सब्जी और मांस मछली की दुकानों को मंडी में खाली पड़े स्थानों पर शिफ्ट करने की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने पत्र में अपनी कई प्रकार की दिक्कतों के बारे में भी लिखा है। स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया है कि बाजारपारा मुख्य मार्ग पर रोजाना लगने वाले इस बाजार में व्यापारियों के द्वारा शाम को भी अपने सामानों का गट्ठा बनाकर और सड़क किनारे ही त्रिपाल लगाकर छोड़ दिया जाता है जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है। वही व्यापारियों पर गंदगी फैलाने कुएं में गंदगी करने तथा कहीं भी मूत्र विसर्जित करने जैसे आरोप भी लगाए गए। निवासियों का कहना है कि पूर्व समय में बाजार को उचित स्थान पर सुव्यवस्थित करने के लिए शासन द्वारा एक आध बार कार्यवाही तो हुई परंतु उससे किसी प्रकार का समाधान नहीं निकला हर बार की तरह मोहल्ले के निवासियों और इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों की परेशानी आज भी बनी हुई है। पत्र में कुमार चौक से बिजली ऑफिस तक वन वे रूट होने के कारण सड़क किनारे बाजार लगाए जाने से आए दिन ट्रैफिक जाम होने की समस्याओं को भी गिनाया गया है। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र के आसपास कई रहवासी कॉलोनी बसी है जहां के लोगों का आना जाना भी इसी सड़क से होता है ऐसे में किसी इमरजेंसी के दौरान लोग इस सड़क से गुजरने में भी कतराते हैं। ऐसे में एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन के लिए इस सड़क से जाने में परेशानी है। सड़क पर कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं हाल ही में एक ट्रक द्वारा कार को टक्कर मारने तथा हादसे में दो लोगों की मौत होने की भी खबर सामने आई थी। स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर से उक्त परेशानी से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

# केएसके प्लांट में 10 घंटे तक टूल डाउन,बच्चों के स्कूल प्रवेश में विलंब से आक्रोशित थे कर्मचारी

**जांजगीर-चांपा।** के एस के महानदी पावर कम्पनी लिमिटेड नरियरा में 6 जुलाईगुरुवार को सुबह 9 बजे से एचएमएस यूनियन के आह्वान पर टूल डाउन किया गया। अप्रैल में प्रबंधन और एचएमएस यूनियन के बीच 1100 रुपए प्रति माह भत्ता या स्कूल की व्यवस्था करने पर सहमति बनी थी, जिसके बाद कंपनी द्वारा नोटिस चस्पा कर जानकारी दी गई कि स्कूलों से कंपनी का अनुबंध हो चुका है और कर्मचारियों के 2 बच्चों की स्कूल फीस कंपनी वहन करेगी, लेकिन 5 जुलाई बीत जाने के बाद भी स्कूल में बच्चों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई थी।

जिससे बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था, जिसके बाद एचएमएस यूनियन ने टूल डाउन करने का निर्णय लिया। संघ के महामंत्री बलराम गोस्वामी ने जानकारी दी कि लगातार प्रबंधन द्वारा समय दिया जा रहा था फिर भी संगठन ने औद्योगिक शांति को प्राथमिकता देते हुए इंतजार किया । लेकिन जब यह तय हो गया कि प्रबंधन अब बिना सख्त कदम उठाए नही मानेगा तो मजबूरी वश हमने प्रशासन को सारी परिस्थितियों से अवगत कराते हुए शांतिपूर्ण टूल डाउन करने का निर्णय लिया और 6 जुलाई को सुबह से टूल डाउन कर दिया गया। शाम 6 बजे प्लांट हेड गिरीश कुमार ओझा ने मीटिंग बुला कर यह जानकारी दी कि कल स्कूल प्रबंधन को बुला कर अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करा लिया जाएगा । बच्चों की भर्ती प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जाएगी। साथ ही स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बस की व्यवस्था कर दी जाएगी।

# नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**कोरिया।** वार्ड नंबर 16 प्रेमाबाग प्रांगण मैं नलकूप की अत्यंत आवश्यकता है क्योंकि यहां कोरिया जिले का एकमात्र धरना स्थल है इस प्रांगण में कई विभागों के कर्मचारियों संगठनों के द्वारा आए दिन अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठे रहते हैं जिन्हें शुद्ध पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है एवं अगल बगल में रहवासी कॉलोनी हैं यहां एक भी नलकूप नहीं है कॉलोनी के निवासियों को भी नगर पालिका बैकुंठपुर के पानी सप्लाई पर निर्भर रहना पड़ता है कभी जलपूर्ति बंद रहने पर शुद्ध पेयजल की समस्या रहती है बैकुंठपुर कोरिया जिला में वार्ड नंबर 16 शहर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है यहां पर बड़े-बड़े धार्मिक कार्यक्रम किए जाते हैं।

यह प्राचीन मंदिरों से घिरा हुआ है यहां पर आए दिन धार्मिक आयोजन होते रहते हैं इस प्रांगण में एक भी



जलापूर्ति करने के लिए नलकूप का व्यवस्था नहीं है .नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने मांग की है अभी सावन का महीना चल रहा है भगवान भोलेनाथ अन्य देवी देवताओं का पूजा अर्चना करने के लिए सभी सनातन धर्म की माता बहनों को शुद्ध जल की आवश्यकता होती है मंदिर के आसपास एक भी नलकूप की व्यवस्था नहीं है यहां पर नलकूप खनन करवा ने की अत्यंत आवश्यकता है नलकूप खनन हो जाने से प्रेमाबाग मंदिर परिसर प्रांगण में शुद्धजल का समस्या समाधान हो जाएगा नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह के द्वारा कलेक्टर कोरिया एवं नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षण कराते हुए मंदिर परिसर के पास जल्द से जल्द नलकूप खनन करवाने की मांग की है। बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद में लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी पौनी पसारी हाट बाजार में नहीं लग पा रही हैं दुकान नगर पालिका अधिकारी का ध्यानाकर्षण कराते हुए नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह के द्वारा निवेदन किया गया है छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना पौनी पसारी बाजार बेरोजगारों एवं स्थानीय लोगों के लिए बाजार चालू करने की महत्वपूर्ण योजना को लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी आज तक पौनी पसारी बाजार का संचालन नहीं किया जा रहा है जिसे जल्द से जल्द कैंप लगाकर बेरोजगार युवा युवतियों को जानकारी उपलब्ध कराते हुए पौनी पसारी बाजार का संचालन के लिए आग्रह किया गया है।

# 55 साल पुराना बाल मंदिर की सुध लेने वाला कोई नहीं



**जांजगीर - चांपा।** बाल मंदिर यह वह स्थान है जहां छोटे - छोटे बच्चे खेल खेल में पढ़ना सिखते हैं। मगर जिला मुख्यालय के वार्ड 15 में बाल मंदिर जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और कभी भी भरभराकर गिर सकता है जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चों की जान पर आपुत आ सकती है। मगर जिला प्रशासन और नगर पालिका के जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। न तो यहां से बाल मंदिर को स्थानांतरित किया जा रहा है और न ही कोई दूसरा विकल्प निकाला जा रहा है।

बाल मंदिर शिक्षा में आगे बढ़ने की पहली सीढ़ी है। लेकिन नगर पालिका जांजगीर - नैला के वार्ड 15 में पुराना कालेज परिसर में गांधी चौक के पास संचालित बाल मंदिर जिला प्रशासन, नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों की निष्क्रियता की भेंट चढ़ गई है। बाल शिक्षा मंदिर की नींव 2 फरवरी 1968 को मध्यप्रदेश के तत्कालीन खाद्य मंत्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने रखी थी। इस बाल मंदिर में पढ़ने वाले उस समय के बच्चे विभिन्ना शासकीय सेवाओं में अपनी सेवा देकर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इतने सालों बाद भी बाल मंदिर को देखकर वे अपना बचपन याद करते हैं। वर्तमान में बाल मंदिर का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। बरसात होने पर छत से पानी टपकता है। भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और कभी भी भरभराकर गिर सकता है जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चों की जान पर आ सकती है। मगर नगर पालिका के जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। न तो यहां से बाल मंदिर को स्थानांतरित किया जा रहा है और न ही भवन की मरम्मत कराई जा रही है।

### टीसी के नाम पर विद्यार्थियों से 100 रूपए लेने का आरोप

**बिर्रा।** बम्हनीडीह ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में प्रभारी प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों से स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए 100-100 रूपए की मांग की जा रही है। इससे अभिभावकों में आक्रोश है। स्कूल में 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी टीसी लेने पहुंच रहे हैंउनसे प्राचार्य द्वारा 100-100 रूपए की मांग की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश गरीब विद्यार्थी शासकीय स्कूल में पढ़ते है इनसे टीसी के लिए अवैध् वसूली से उनमें व अभिभावकों में आक्रोश है। नियमानुसार विद्यार्थियों को अंक सूची व स्थानांतरण प्रमाण पत्र निश्शुल्क दिया जाना है मगर प्राचार्य द्वारा बिना पैसे लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। इस आशय का आरोप विद्यार्थियों ने प्राचार्य पर लगाया है। इस संबंध में प्राचार्य उमाशंकर खुंटे का कहना है कि उनके द्वारा किसी विद्यार्थी से राशि नहीं ली जाती है। बम्हनीडीह बीईओ एमडी दीवान का कहना है कि विद्यार्थियों से टीसी के लिए राशि लेना गलत है। अगर ऐसा हो रहा है तो जांच कराकर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। टीसी के लिए राशि लेने की जानकारी नहीं है। अगर राशि ली जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी तरीके से जमीन बेचने के मामले में कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश

**बलरामपुर।** ग्राम भनौरा स्थित गोचर की करीब 143.23 एकड़ भूमि को भू माफियाओं के द्वारा अलग-अलग व्यक्तियों के नाम से फर्जी सेटलमेंट लगाकर बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति लिए बगैर कई लोगों को विक्रय करने के मामले में सरगुजा कमिश्नर ने बलरामपुर कलेक्टर को जांच करा सात दिनों में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है।

इस मामले की शिकायत आरटीआइ कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता डीके सोनी ने सरगुजा संभागायुक्त से की थी। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराकर उक्त भूमि को शासन के पक्ष में दर्ज कराने एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कराने वाले संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की मांग की थी। अधिवक्ता सोनी द्वारा 12 जून को की गई शिकायत में उल्लेख किया गया था कि बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत भनौरा की गोचर भूमि जिसका पुराना खसरा नंबर 93 रकबा 143.23 एकड़ भूमि है जो वहां के ग्रामीणों के पूर्वजों के नाम पर थी। वन व्यवस्थापन के तहत प्राप्त पट्टे की भूमि को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए दूसरे लोगों को फर्जी सेटलमेंट लगाकर कई व्यक्तियों को अलग-अलग विक्रय किया गया। गोचर भूमि जिसका रकबा 143 एकड़ की जांच में कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों को बचाते हुए दर्जन भर लोगों के खिलाफ द्वेषपूर्ण जांच कार्रवाई की जा रही है जबकि 143 एकड़ में काबिज सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की शिकायत अधिक्ता डीके सोनी के द्वारा की गई है। उपरोक्त गोचर भूमि में कई प्रभावशाली व्यक्तियों का घर बना हुआ है। इनमें कर्मचारी ठेकेदार, नेता, अधिकारी शामिल हैं। इस मामले में कमिश्नर सरगुजा द्वारा डीके सोनी की शिकायत पर उपायुक्त सरगुजा संभाग द्वारा कलेक्टर बलरामपुर को पत्र लिखते हुए उल्लेखित तथ्यों की जांच कराकर जांच प्रतिवेदन सात दिनों के भीतर कार्यालय को उपलब्ध कराने का आदेशित किया गया है।

### बहन के हत्यारे भाई को आजीवन कारावास

**सक्ती।** बहन की हत्या करने वाले भाई को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डा. ममता भोजवानी ने आजीवन कारावास की सजा और दस हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया है।अभियोजन के अनुसार सक्ती थाना क्षेत्र के सोंठी निवासी किरण केंवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 दिसंबर 2020 की शाम 4 बजे वह अपने पड़ोसी के घर जा रही थी उसी समय उसकी ननंद कांता केवट साइकिल को पटक रही थी। जिसे मना करने पर वह उसे डांटने लगी। तब वह पड़ोसी के घर बैठने चली गई। लगभग 15 मिनट बाद वह और उसका देवर रमेश केंवट दोनों एक साथ घर वापस आए। उसी समय उसका पति मनीष केंवट अपनी बहन कांता के कमरे के दरवाजे को बंद करते हुए निकल रहा था और अपने भाई रमेश को बोला कि उसने अपनी बहन कांता के गले को दबाकर मार दिया है। उसे डाक्टर के पास ले जाओ। उसके बाद दोनों जाकर कांता को देखे तो वह बेहोश पड़ी हुई थी। मुंह से खून निकल रहा था। तब उसका देवर रमेश गांव के फलेश साहू को बुलाकर कांता को बाइक से सक्ती अस्पताल लेकर गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कोरबा रेफर किया गया। उपचार के दौरान 14 दिसंबर 2020 को कांता की मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस ने धारा 302 के तहत मनीष केंवट के खिलाफ अपराध दर्ज किया।

### शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रहे उपस्थित



**कोरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला डकईपारा में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत करता हुआ डोरेमोन आकर्षण का केंद्र रहा जिसने बच्चों का खूब मनोरंजन भी किया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना व अतिथियों के स्वागत के साथ शाला प्रवेश उत्सव की शुरुवात हुई ।कक्षा 5वीं की छात्रा कुमारी नंदनी ने उड़िया भाषा में शक्ति की उपासना की। बच्चों ने अलग - अलग पंक्तियों के माध्यम से अतियों के स्वागत के लिए अपने भाव प्रकट किए ।इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी अरुण वर्मा एवं राजेंद्र सिंह ने स्कूल की व्यवस्था और बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता की सराहना कर शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया। सभी 11 नव प्रावेसी बच्चों का तिलक , मिष्ठान ,निशुल्क गणवेश व पुस्तकें प्रदान करते हुएअतिथियों ने स्वागत किया..सरपंच गुलाब चंद पैकरा ने नए सत्र में बच्चों को मध्यान भोजन हेतु थाली प्रदान करने की घोषणा की ।इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मूल चंद्र जायसवाल , संकुल समन्वयक अशोक गुप्ता, नूर अहमद फिरदौशी , प्रधान पाठक रामेश्वर सिंह , शिक्षिका अर्पणा मिश्रा, सुमन जायसवाल माध्यमिक साला के शिक्षिकाएं, व एसएमसी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ममता ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा



**कोरिया।** राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य श्रीमती ममता कुमारी ने कोरिया जिला प्रवास के दौरान एसईसीएल गेस्ट हाउस में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली तथा सखी वन सेंटर एवं जिला जेल बैकुंठपुर का निरीक्षण भी किया। बैठक के दौरान श्रीमती कुमारी ने विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने की बात रखी तथा महिलाओं के संरक्षण पर उचित सुझाव भी दिए। इसके साथ उन्होंने विकासखंड सोनहत के पोंडी और रजौली गौठान में स्वसहायता समूह की महिलाओं से भेंट कर आजीविका मूलक गतिविधियों का जायजा लिया और उनके अच्छे काम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सामान्य सभा की बैठक 13 को

**कोरिया।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 को दोपहर 12.30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेंदाती तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती फूलमती सिंह, रविशंकर सिंह, दूगपाल सिंह, श्रीमती उषा सिंह, श्रीमती ज्योत्सना पुष्पेंद्र राजवाड़े, श्रीमती सुनीता कुर्रे, श्रीमती चुन्नी पैंकरा, श्रीमती वन्दना विजय राजवाड़े और सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।


# पीसीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का पालन सभी सोनोग्राफी सेंटर में सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में पी.सी. एण्ड पी.एन.डी.टी. एक्ट के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने सोनोग्राफी सेंटरों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिये। उन्होनें बैठक में निर्देशित किया कि पी.सी.एन.डी.टी. एक्ट का पालन सभी सोनोग्राफी सेंटर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कराना हमारी प्राथमिकता है। यह एक बेहद महत्वपूर्ण अधिनियम है। इसके अंतर्गत नियमों का उल्लघंन न हो।



बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में सोनोग्राफी केन्द्रों एवं पंजीकृत संस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर नवीन पंजीयन, वैधता, फार्म-एफ में जानकारी संधारण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फार्म-एफ का ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों स्थितियों में अद्यतन संधारण सुनिश्चित करें। कोरिया जिले में 02 शासकीय एवं 04 निजी कुल 06 सोनोग्राफी संस्था पंजीकृत है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सेंगर, जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजेन्द्र बंन्सरिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल, लीगल एक्सपर्ट श्री ध्रुव कश्यप सहित जिला सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित थे। पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी. एक्ट-1994-पूर्व-गर्भाधान और पूर्व प्रसव निदान तकनीक अधिनियम क्या है- गर्भधारण से पहले या बाद में, लिंग चयन के निषेध के लिए और अनुवांशिक असामान्यताओं या मेटाबोली संबंधी विकारों या क्रोमोसोमल असामान्यताओं या कुछ जन्मजात विकृतियों का पता लगाने के प्रयोजनों के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीकों के विनियमन के लिए एक अधिनियम है। लिंग अवधारण के लिए ऐसी तकनीकों के, जिनके कारण स्त्री लिंगी भ्रूण वध हो सकता है, दुरूपयोग के निवारण तथा उससे जुड़े या प्रासंगिक मामलों के लिए यह अधिनियम बनाया गया है।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com